# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025


## विश्व चैंपियन गुकेश ने दी नंबर-1 खिलाड़ी कार्लसन को मात लगातार दूसरी बार हराया




जगरेब। भारतीय ग्रैंडमास्टर विश्व चैंपियन डी गुकेश ने दुनिया के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन एक बार फिर हरा दिया है। कार्लसन को मात देकर गुकेश ने अपने शानदार खेल से शतरंज की दुनिया में हलचल मचा दी है। ग्रैंड चेस टूर रैपिड 2025 के जागरेब चरण के छठे राउंड में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ी कार्लसन को हराया। इस जीत के साथ गुकेश 10 अंकों के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। यह गुकेश की कार्लसन पर लगातार दूसरी जीत है।

### कार्लसन के कमजोर कहने पर मिला करारा जवाब

*मैच से पहले मैग्नस कार्लसन ने एक साक्षात्कार में गुकेश को कमजोर खिलाड़ियों में से एक बताया था। उन्होंने कहा था कि गुकेश ने पिछली बार अच्छा खेला था, लेकिन यह अभी साबित नहीं हुआ है कि वह रैपिड फॉर्मेट में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं। लेकिन गुकेश ने बोर्ड पर ही करारा जवाब देते हुए उन्हें मात दी।*

## कांग्रेस ने किया शक्तिप्रर्दशन गुटबाजी से इंकार

# तमनार दौरे के बहाने कांग्रेस का चला शक्ति प्रदर्शन बैज के साथ 6, तो भूपेश के साथ गए 21 विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायगढ़ जिले के तमनार में हो रही जंगल कटाई के मामले को लेकर राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की सियासत गरमा गई है। राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि इसे तमनार के बहाने कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। हुआ दरअसल ये है कि इस मामले में सबसे पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज तमनार पहुंचे थे। उनके साथ पार्टी के दस ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ये है मामला

पिछले दिनों राजधानी रायपुर के सियासी हल्कों में ये खबर आई कि रायगढ़ जिले में पेड़ों की कटाई हो रही। उसके बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इसे गंभीरता से लिया और उन्होंने दौरे का कार्यक्रम बनाया। पहले वहां श्री बैज ने दौरा किया। पिछले दिनों जब वे वहां जायजा लेने पंहुचे तब तक बात सामान्य थी। लेकिन उनके दौरे के तीन चार दिन के बाद ही जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दल बल खासकर बड़ी संख्या में पार्टी विधायकों के साथ उसी जगह का दौरा करने पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंचे तो उनके दौरे को लेकर सियासी संकेत तलाशे जाने लगे।





### इसमें गुटबाजी वाली कोई बात नहीं

इधर प्रदेश कांग्रेस इसे पार्टी नेताओं के बीच शक्ति प्रदर्शन या किसी तरह की गुटबाजी की बात से इंकार करती है। पार्टी के मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के मुताबिक ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भूपेश के साथ रहे ये विधायक

भूपेश के साथ जाने वाले विधायकपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, विधायक दलेश्वर साहू, रामकुमार यादव, सावित्री मंडावी, उत्तरी जांगड़े, संगीता सिन्हा, अटल श्रीवास्तव, द्वारिकाधीश यादव, बालेश्वर साहू, संदीप साहू, इंद्र साव, दिलीप लहरिया, लालजी राठिया, हर्षिता बघेल, ओंकार साहू, विद्यावती सिदार, अंबिका मरकाम, फूल सिंह राठिया, प्रकाश नायक, चातुरी नंद, जनक राम ध्रुव, शामिल थे। कांग्रेस का यह दल एक दिन पहले गुरुवार को गया था।

### बैज के साथ गए थे ये कांग्रेस विधायक

दीपक बैज के तमनार दौरे के समय उनके कार्यक्रम की जानकारी में कांग्रेस पार्टी ने बयान जारी कर बताया कि इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, स्थानीय विधायक विद्यावती सिदार, लालजीत राठिया, उत्तरी गणपत जांगड़े, कविता प्राणलहरे, चातुरी डिग्रीलाल नंद, शामिल थे। यह दौरा अब से छह दिन पहले किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पर्यटन स्थल के रूप में भी उभर रही है अयोध्या

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या न केवल



धार्मिक महत्व की प्रतीक बनी हुई है, बल्कि यह एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में भी उभर रही है। बयान में कहा गया कि श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है।

### महाराष्ट्र में ट्रक चालकों की हड़ताल 30 तक स्थगित

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ट्रक चालकों ने ई-चालान और अन्य मुद्दों पर



राज्य सरकार से मिले आश्वासन के बाद शुक्रवार शाम को अपनी तीन दिन से चल रही हड़ताल महीने के अंत तक के लिए स्थगित कर दी। दिन में राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक और मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव आई एस चहल के साथ ट्रक चालकों की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।

### कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी से जुड़े



धन शोधन मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव की 34 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। विक्टोरिया लेआउट में एक आवास और बेंगलुरु के अर्कावती लेआउट में एक आवासीय भूखंड, तुमकुर में एक औद्योगिक भूखंड और अनेकल तालुक में एक कृषि भूमि को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त किया गया है।

### चीन के आम महोत्सव में भारतीय आमों की धूम

**बीजिंग।** चीन-भारत कूटनीति का अतीत में हिस्सा रहे भारतीय आमों



ने इस गर्मी में चीन में वापसी की है। भारत के विभिन्न राज्यों से 'सिंधूरा', 'बंगनापल्ली', 'अल्फांसो', 'हिमसागर', 'दशहरी', 'लंगड़ा' और 'चौसा' जैसी भारतीय आमों की प्रसिद्ध किस्में शुक्रवार को गुआंगझोउ में भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित आम महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहीं।

### भूमि घोटाले में एसडीओ सहित आठ पर कार्रवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने नासिक जिले में भूमि घोटाले के एक मामले में उप-मंडल अधिकारी उदय किसवे को तत्काल निलंबित करने और आठ स्टांप शुल्क अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। राजस्व मंत्री ने सदन में कहा कि घोटाले में शामिल स्टाम्प विक्रेता जाकिर और आरिफ अब्दुल लतीफ के खिलाफ भी आपराधिक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं।

## सेबी का चला डंडा, शेयर मार्केट में हाई फ्रीक्वेंसी ट्रेडिंग से बाजार को प्रभावित करने की कोशिश

# अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेना स्ट्रीट से 4844 करोड़ वसूली का आदेश, लगाया बैन

*सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट पर लगाया प्रतिबंध, 4,844 करोड़ रुपये लौटाने का आदेश बाजार नियामक सेबी ने अमेरिकी ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट पर बड़ी कार्रवाई की है। सेबी ने बाजार में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए इस बैन कर दिया है। इसके अलावा, 4844 करोड़ रुपये की अवैध कमाई वापस करने का भी आदेश दिया है। सेबी ने की ओर से जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि जब तक जेन स्ट्रीट अवैध कमाई को वापस नहीं करती, तब तक इस पर प्रतिबंध लागू रहेगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक के आदेश में आगे कहा गया है कि इस विदेशी ट्रेडिंग कंपनी की हरकतों से बाजार की विश्वसनीयता पर आंच आई है। ऐसे में निवेशकों के हित को देखते हुए इस पर एक्शन लिया गया है। बाजार नियामक ने आगे कहा कि इंडेक्स ऑप्शन की वीकली एक्सपायरी के दिन भारी मात्रा में बायिंग करके बैंक निफ्टी के स्टॉक प्राइस को बढ़ाने या स्टैबल करने की कोशिश की।

### जेन स्ट्रीट ने कैसे दिया धोखाधड़ी को अंजाम?

सेबी ने बताया कि कंपनी 'इंट्रा-डे इंडेक्स मैनिपुलेशन' और 'एक्सटेंडेड मार्किंग द क्लोज' रणनीति के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम देती थी। पहली रणनीति में कंपनी सुबह के समय बड़ी मात्रा में बैंक निफ्टी के फ्यूचर्स और कैश मार्केट में शेयर खरीदती थी। इससे इंडेक्स ऊपर चला जाता था। इसी दौरान ये पुट ऑप्शंस बेच देती थी। इसके बाद दोपहर में कंपनी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 'एक्सटेंडेड मार्किंग द क्लोज' रणनीति से कैसे की गई धोखाधड़ी?

इस रणनीति में कंपनी एक्सपायरी के दिन कारोबार के आखिरी घंटों में बड़ी मात्रा में खरीद-बिक्री करके इंडेक्स को प्रभावित करती थी। इंडेक्स की क्लोजिंग प्राइस को बढ़ाने या घटाने के लिए कंपनी आखिरी समय में बड़े ऑर्डर करती थी। इससे फायदे पर असर होता, क्योंकि इंडेक्स का सेटलमेंट क्लोजिंग लेवल से होता है। आखिरी मिनट की इस रणनीति से कंपनी को भारी फायदा होता। ये इतनी तेजी से किया जाता कि आम निवेशकों को भनक भी नहीं लगती थी।




### सेबी ने आदेश में कहीं ये बातें

जेन स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी के स्टॉक्स और उनके फ्यूचर्स में लास्ट ट्रेडिंग प्राइस पर या उससे अधिक कीमत पर बड़े वैल्यूम पर बायिंग के ऑर्डर दिए। खास तौर पर एक्सपायरी के दिन, जेन स्ट्रीट ने बाजार की क्लोजिंग पाइस को अपने फायदे के लिए प्रभावित करने की कोशिश की। यह नियामक के नियमों का उल्लंघन है। इस स्ट्रैटजी से कंपनी शेयरों के भाव को ऊपर ले जाने या उन्हें सपोर्ट करने में सफल रही।

### कंपनी ने ऐसे कमाया मुनाफा, जो होगा जब्त

सेबी के मुताबिक, जनवरी 2023 से मार्च 2025 तक जेन स्ट्रीट ने कुल 44,358 करोड़ रुपये का मुनाफा ऑप्शंस ट्रेडिंग से कमाया।हालांकि, इस दौरान कंपनी को स्टॉक फ्यूचर्स में 7,208 करोड़, इंडेक्स फ्यूचर्स में 191 करोड़ और कैश मार्केट में 288 करोड़ रुपये का नुकसान भी हुआ।

### कई मुद्दों पर नहीं बनी बात, ट्रेड डील के लिए टीम भारत लौटी

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता को लेकर अमेरिका गई भारत की टीम वापस आ चुकी है। मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारतीय दल अंतरिम व्यापार समझौते पर वार्ता का एक और दौर पूरा करने के बाद वाशिंगटन से वापस आ गई, लेकिन चर्चा अभी जारी रहेगी। अधिकारी ने कहा कि अभी कई मुद्दों जैसे- एग्रीकल्चर और ऑटो पर सहमति नहीं बन पाई है, इसलिए अभी चर्चा आगे जारी रहेगी। अधिकारी ने कहा कि वार्ता अंतिम चरण 9 जुलाई को समाप्त हो रहा है। दोनों पक्ष उससे पहले वार्ता को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं। भारत ने अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों को शुल्क रियायत ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### अगर नहीं बनी सहमति तो

*जिस प्रकार से दोनों देश एग्री, ऑटो और अन्य सेक्टर्स को लेकर किसी रास्ते पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर इन दोनों देशों के लिए फिर क्या विकल्प बचेगा। कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि अगर सहमति नहीं बनती है तो हो सकता है कि इन दोनों देशों के बीच एक मिनी ट्रेड डील हो, जिसमें* ▶▶| शेष पेज 6 पर

संसद को भी संबोधित किया

## मोदी को मिला त्रिनिदाद और टोबैगो का सर्वोच्च सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| त्रिनिदाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को त्रिनिदाद और टोबैगो का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो' से सम्मानित किया गया। त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला पसाद-बिस्सेसर ने पूरे मंत्रिमंडल के साथ एयरपोर्ट पर मोदी का भव्य स्वागत किया। सभी मंत्री पारंपरिक भारतीय परिधानों में नजर आए। एयरपोर्ट पर भारतीय पौराणिक पात्रों की वेशभूषा में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### संसद में बोले- दोनों हमारे पुराने दोस्त

पीएम मोदी ने शाम को वहां की संसद करते हुए कहा कि हमारे दोनों मित्र राष्ट्र औपनिवेशिक शासन की छाया से निकलकर अपनी स्याही के रूप में साहस और अपनी कलम के रूप ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भारतीय नागरिकों को दिया बड़ा तोहफा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब भारतीय मूल के छठी पीढ़ी तक के नागरिकों को ओसीआई कार्ड की पात्रता दी जाएगी। इससे उन्हें भारत में रहने और काम करने का कानूनी अधिकार मिलेगा। बता दें कि करीब 13 लाख की आबादी वाले इस छोटे से द्वीप देश में 45% लोग भारतीय मूल के हैं। जिनमें अधिकांश बिहार और उत्तर प्रदेश के भोजपुरी भाषी जिलों से आए हैं।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया, कैसे पछाड़ा गुजरात महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों को

# जीएसटी विशेष समूह की बैठक में छग की वाह वाह...



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में 18 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल कर पूरे देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि न केवल राज्य की आर्थिक प्रगति को दर्शाती है, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू किए गए सुशासन और जीएसटी सुधारों की प्रभावशीलता को भी रेखांकित करती है। इस उपलब्धि के चलते छत्तीसगढ़ के वित्त एवं वाणिज्यिक-कर मंत्री ओ.पी. चौधरी को केंद्र सरकार ने जीएसटी राजस्व वृद्धि और सुधारों के लिए गठित मंत्रियों के चार महत्वपूर्ण विशेष समूहों में शामिल किया है।

खास खबर

आज, शुक्रवार को दिल्ली में गोवा के मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रियों के विशेष समूह की बैठक में ओ.पी. चौधरी ने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री के रूप में प्रतिनिधित्व किया। इस बैठक में जीएसटी राजस्व के विश्लेषण, आर्थिक कारकों के प्रभाव, कर लीकेज रोकने के उपायों, और राजस्व वृद्धि के लिए नीतिगत सुझावों पर गहन चर्चा हुई। बैठक का उद्देश्य जीएसटी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### छत्तीसगढ़ के जीएसटी सुधारः व्यापारियों के लिए राहत, राजस्व में वृद्धि

*सूबे के वित्त मंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जीएसटी प्रणाली को पारदर्शी, व्यापारी-अनुकूल, और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पिछले बजट में ई-वे बिल की सीमा को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये करने का निर्णय लिया गया, जिससे लगभग 75 फीसदी ई-वे बिल जनरेशन की आवश्यकता समाप्त हो गई। इसके अतिरिक्त, 10 साल से अधिक पुराने 25,000 रुपये से कम की देनदारी वाले सभी मामलों को समाप्त कर दिया गया, जिससे 65,000 प्रकरण बंद हुए और 40,000 से अधिक व्यापारियों को सीधा लाभ मिला। इस कदम से व्यापारियों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने और कानूनी खर्चों से मुक्ति मिली। राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सेल का गठन किया, कॉल सेंटर* ▶▶| शेष पेज 6 पर

# बांग्लादेश बार्डर से सोना की तस्करी, दो सराफा कारोबारियों की पौने चार करोड़ की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विदेश से सोना तस्करी कर राज्य के साथ पड़ोसी राज्यों में खपाया करता था कारोबारी

प्रवर्तन निदेशालय ने सोना तस्करी सिंडिकेट से जुड़े एक सराफा कारोबारी के पौने चार करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। आरोप है कि सिंडिकेट से जुड़ा कारोबारी भारत-बांग्लादेश बार्डर से सोना तस्करी कर राज्य के साथ पड़ोसी राज्यों के सराफा कारोबारियों के पास खपाने का काम करता था। डीआरआई ने चार वर्ष पूर्व कारोबारी तथा उससे जुड़े लोगों के



ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक सोना तस्करी सिंडिकेट से जुड़े सदस्यों में एक सचिन केदार और पुरुषोत्तम कावले की 3.76 करोड़ की संपत्ति अटैच की गई है। मुखबिर की सूचना पर चार वर्ष पूर्व डीआरआई ने एयरपोर्ट पर सोना जब्ती करने की कार्रवाई की थी। जांच में सोना ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जैकेट में छिपाकर लाया था सोना

डीआरआई ने एयरपोर्ट पर कारोबारी की तलाशी ली, तो उसके पास से बैग में कुछ नहीं मिला। इसके बाद डीआरआई के अफसरों का कारोबारी के जैकेट की तरफ ध्यान गया और जैकेट की तलाशी ली, तो जैकेट के पिछली तरफ सोना मिला, जो प्लास्टिक से चिपका था। सोने का कुल वजन 13 किलो के करीब था। कारोबारी की निशानदेही पर डीआरआई ने रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव में 21 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया।

# कैमरे में दिखे तेंदुआ और शावक, हिरण के शिकार के बाद कर रहे उछल कूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व का जंगल वन्यप्राणियों से गुलजार है, लिहाजा यहां लगे ट्रैप कैमरे में आए दिन किसी न किसी वन्यप्राणी की तस्वीर निकलकर सामने आ रही है। यहां अब हिरण के शिकार के बाद मादा तेंदुआ की अपने दो शावक के साथ चहल कदमी और उछल कूद करते हुए तस्वीर सामने आई है। यह दृश्य रिजर्व में लगे ट्रैप कैमरे में कैद ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कैमरे से हो रही निगरानी

*उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व न केवल बाघों, तेंदुओं जैसे बड़े मांसाहारी जीवों का आवास है, बल्कि यहां हिरण, भालू, पक्षियों और सरीसृपों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी है। विभाग लगातार निगरानी, ट्रैकिंग और संरक्षण की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहा है, ताकि इन वन्य जीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।*

## समस्या से निपटने के लिए केवल चिकित्सा हस्तक्षेप काफी नहीं

शोध में IIT दिल्ली इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज मुंबई और ब्रिटेन-आयरलैंड की संस्था शामिल

# छत्तीसगढ़ में 10 फीसदी से ज्यादा बच्चों का जन्म समय से पूर्व, 15 फीसदी का वजन कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आईआईटी दिल्ली, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज मुंबई और ब्रिटेन-आयरलैंड की संस्थाओं ने संयुक्त शोध में दावा किया गया है कि देश में हर आठवां बच्चा (करीब 13%) समय से पहले जन्म ले रहा है और हर छठा बच्चा (करीब 18%) कम वजन के साथ पैदा हो रहा है। पूरे देश के साथ ही छत्तीसगढ़ में समय से पूर्व जन्म लेने वाले बच्चों का प्रतिशत ▶▶| शेष पेज 6 पर

अलग खबर

### उत्तर भारत के राज्यों का ऐसा हाल

उत्तर भारत के राज्यों जैसे हिमाचल प्रदेश (39%) और उत्तराखंड (27%) में समय से पूर्व जन्म की दर सबसे अधिक दर्ज की गई है। वहीं, पंजाब में कम वजन के बच्चों की जन्म दर (22%) सबसे अधिक है। इसके उलट, पूर्वोत्तर भारत (मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर) में इन दोनों ही मापदंडों पर बेहतर प्रदर्शन दर्ज किया गया है।



### पंजाब में सबसे ज्यादा

पंजाब में जन्म के समय मानक से कम वजन वाले बच्चे पैदा होने की दर सबसे अधिक 22 प्रतिशत पाई गई। इसके बाद दिल्ली, दादरा और नगर हवेली, मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश का स्थान आता है। शोधपत्र लेखकों ने कहा कि इस मानदंड पर पूर्वोत्तर भारत के राज्यों का प्रदर्शन कहीं बेहतर है।

### छत्तीसगढ़, राजस्थान व मप्र का औसत

रिसर्च के अनुसार, छत्तीसगढ़ में 10.21 प्रतिशत बच्चे प्रीमैच्योर हैं तथा 15.83 फीसदी बच्चे कम वजन के पैदा हो रहे हैं। राजस्थान में 18.29% और मध्य प्रदेश में 14.84% बच्चे प्रीमैच्योर हैं। वहीं एमपी में 21% बच्चे कम वजनी हैं, राजस्थान में इनकी संख्या 18% है। वहीं यूपी-बिहार में भी करीब 15% बच्चे समय से पहले पैदा हो रहे हैं।

### वायु प्रदूषण से बढ़ रहा इस तरह का खतरा

उत्तर भारत के प्रदूषित क्षेत्रों विशेष रूप से यूपी, बिहार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में पीएम2.5 का स्तर सर्वाधिक पाया गया।पीएम 2.5 मुख्य रूप से कोयला, लकड़ी और अन्य जैव ईंधन के जलने से उत्पन्न होता है। यह शहरी-ग्रामीण दोनों इलाकों में गर्भवती महिलाओं को प्रभावित करता है। बिहार, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में पीएम2.5 का स्तर सर्वाधिक पाया गया। बता दें कि पीएम 2.5 मुख्य रूप से कोयला, लकड़ी और अन्य जैव ईंधन के जलने से उत्पन्न होता है।



जयपुर के एक फाइव स्टार होटल में सौरभ आहूजा की शादी के मामले में ईडी के बाद अब दुर्ग पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दुर्ग पुलिस ने भिलाई से शादी में शामिल होने गए सारे लोगों की डिजिटल प्रोफाइल बनाने की तैयारी की है। इसके लिए पांच टीम गठित की है, जो ऐसे सारे लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। बता दें कि सौरभ आहूजा का महादेव सट्टा के संचालक सौरभ चंद्राकर से संबंध होने की बात सामने आई है। इसके साथ ही पिछले कुछ समय से उसके दुबई में होने की खबर है, जबकि सौरभ आहूजा लंबे समय तक भिलाई में रहा। यहीं से वह महादेव सट्टा ऑपरेट करते रहा। इसके कारण पुलिस उसके आसपास के सारे लोगों से पूछताछ करने की तैयारी में है। डिजिटल प्रोफाइल से पुलिस को पता चलेगा कि महादेव सट्टे के अवैध कारोबार में भिलाई-दुर्ग से कितने सटोरिया जुड़े हैं।

## सौरभ आहूजा की शादी में जयपुर जाने वाले भिलाई के लोगों की बनेगी डिजिटल प्रोफाइल, 5 टीमें गठित

जेएम तांडी ▸▸| भिलाई

महादेव सट्टे से जुड़े सौरभ आहूजा की शादी में पहुंचे लोगों को पुलिस भी लिस्टिंग करने में जुट गई है। भिलाई-दुर्ग समेत वैशाली नगर, कैम्प, खुर्सीपार समेत आसपास से शादी में जयपुर पहुंचने वालों का कुंडली भी खंगाली जा रही है। साथ ही साथ पुलिस सौरभ आहूजा के परिचितों और दोस्तों की भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस की मानें तो महादेव सटोरियों की डिजिटल प्रोफाइल का मतलब ऑनलाइन सट्टे जैसे अपराधों की रोकथाम और अपराधियों पर निगरानी रखना है। सट्टे से अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने में पुलिस की सहायता करने के लिए बनाया जाएगा। आपराधिक न्याय प्रणाली को अपराधों की जांच और अभियोजन में इससे काफी सहायता मिलेगी। पुलिस जिले से महादेव सट्टे से जुड़े अपराधों को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसकी तैयारी में दुर्ग पुलिस जुट गई है।


कभी किराये का घर था, आज आलीशान मकान, लग्जरी गाड़ियां, अरबों की संपत्ति

अमृतसर की युवती से हुई है शादी

वैशाली नगर में बनाया आलीशान घर

भिलाई से शादी में शामिल होने पहुंचे थे 100 लोग





### गैंग हिस्ट्रीशीट बनेगा

महादेव सट्टे से जुड़े सटोरियों का गैंग हिस्ट्रशीट बनाया जाएगा। इसकी जानकारी डिजीटल प्रोफाइल से मिल पाएगी। जिसकी तैयारी में पुलिस जुट गई है। शादी में जयपुर जाने वाले लोकल सटोरियों का लिस्टिंग किया जा रहा है। उनकी संपत्ति समेत अन्य जानकारियां जुटाई जा रही है।

-विजय अग्रवाल
एसएसपी दुर्ग

**महादेव सट्टा से जुड़े तार, दुर्ग पुलिस खंगाल रही कुंडली**

### ये सब जानकारी होगी हिस्ट्रीशीट में

महादेव सट्टे से जुड़े अपराधी का नाम, पता, और अन्य पहचान विवरण, अपराधी का आपराधिक इतिहास, जिसमें दर्ज किए गए अपराधों, दोषसिद्ध, जेल की सजाओं का विवरण भी शामिल होगा। अपराधी के साथियों, रिश्तेदारों, अन्य संपर्कों की जानकारी भी उल्लेख होगा। इसके अलावा ऑनलाइन सटोरिया का मुख्य ठिया कहां-कहां रहा है इसकी भी जानकारी हिस्ट्रीशीट में होगी। साथ ही इनके भविष्य की गतिविधियों का विवरण भी इसमें शामिल किया जाएगा।

### सौरभ की गिरफ्तारी चर्चा भी

जयपुर में फाइव स्टार होटल में शादी कर महादेव सट्टे से जुड़े सौरभ आहूजा चर्चे में आया है। जयपुर में ईडी की टीम पहुंचते ही सौरभ फरार हो गया था। अब चर्चा है कि उसकी गिरफ्तारी दिल्ली से होना बताया जा रहा है लेकिन अधिकारिक पुष्टि अभी तक किसी ने नहीं किया है। यह चर्चा बुधवार से शहर भर में चल रही है।फिलहाल टीम सौरभ आहूजा की खोजबीन रिश्तेदार, परिचय वालों के यहां दबिश लगातार दे रही है। इसकी संपत्ति को लेकर भी जांच की जा रही है। इसके अलावा जयपुर जाने वालों का लिस्टिंग पुलिस तैयार कर रही है।

## खबर संक्षेप

### ढाई लाख का गांजा जब्त धरे गए तीन तस्कर

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने इंटरस्टेट गैंग के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ढाई लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 25 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है, उन्होंने भनपुरी में सेंटर बनाया था और देश के अलग-अलग राज्यों में गांजा सप्लाई करते थे। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने ओडिशा के नवरंगपुर निवासी संतोष कुमार पडाल, महाराष्ट्र के अहिल्या नगर निवासी महेश श्याम राव कामडे तथा बिहार के छपरा निवासी सुफियान खान को गिरफ्तार किया है।

### हत्या का फरार आरोपी गोंदिया से गिरफ्तार

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह 27 जून को किशोरी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। किशोरी की हत्या के आरोप में एक आरोपी को महाराष्ट्र के गोंदिया से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी की हत्या के आरोप में पुलिस ने साहिल धीवर को गोंदिया से धर-दबोचा। साहिल ने युवती की चाकू गोदकर हत्या करने के बाद साक्ष्य छिपाने सिर को पत्थर से कुचल दिया था। हत्या की वजह किशोरी का किसी दूसरे के साथ प्रेम प्रसंग होने की आशंका के चलते साहिल ने हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी को सीसीटीवी फूटेज तथा उसके मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर पकड़ा है।

### मकान खाली करने के विवाद पर महिला को पीटा

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक महिला ने अपने मकान मालिक तथा उसकी पत्नी के खिलाफ मकान खाली करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अविनाश कैपिटल में किराए के मकान में रह रही सुचिता तिवारी ने भूषण वर्मा, उसकी पत्नी तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुचिता ने पुलिस को बताया कि मकान खाली करने दो माह के मोहलत मांगने पर उसके मकान मालिक ने अपनी पत्नी तथा अन्य के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

### सूने मकान का ताला तोड़ा सात लाख के जेवर किए पार

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़कर सात लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परसूलीडीह क्लासिक सिटी निवासी मनीष कुमार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मनीष ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की।

### सड़क निर्माण में की गई गड़बड़ी, ज्ञापन

रायपुर। बिरगांव निगम क्षेत्र में पाइपलाइन विस्तार के साथ ही लोगों की सुविधा के लिए सड़क निर्माण में गड़बड़ी की गई है। यह आरोप लगाते हुए निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखम लाल देवांगन ने गुरुवार को निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वाशा को ज्ञापन दिया है। उन्होंने वार्डों में गुणवत्ताहीन सड़कों का निर्माण करवाने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई के लिए भी मांग की है। निर्माण की जांच और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**अब सीमित वेटिंग व्यवस्था में जल्दी भर रही सीटें, आखिरी वक्त की टिकट बुकिंग हुई मुश्किल**

## कन्फर्म टिकट की उम्मीद हुई कमजोर, नए नियमों से घटा रिजर्वेशन सेंटर का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतीय रेलवे ने ट्रेनों की आरक्षण प्रक्रिया और वेटिंग लिस्ट से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियमों के तहत अब स्लीपर और एसी कोच में वेटिंग यात्रियों की संख्या सीमित कर दी गई है, जबकि जनरल कोच में वेटिंग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रेलवे ने चार्ट तैयार करने की समय-सारणी में भी संशोधन किया है। अब सुबह 5 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच खुलने वाला ट्रेनों का पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले रात 9 बजे तैयार किया जा रहा है। वहीं दोपहर 2 से रात 12 बजे और रात 12 से सुबह 5 बजे के बीच खुलने वाला ट्रेनों का पहला चार्ट ट्रेन के प्रस्थान से 8 घंटे पहले तैयार किया जाएगा। हालांकि, दूसरे आरक्षण चार्ट के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि लंबी दूरी की कई ट्रेनों में स्लीपर और थर्ड एसी कोच की बुकिंग यात्रा से 1 से 3 दिन पहले ही फुल हो जा रही है।

**अब हफ्तेभर पहले करनी होगी प्लानिंग**

### जनरल कोच में बढ़ी यात्रियों की भीड़

रेलवे के नए आरक्षण नियमों के चलते अब उन यात्रियों को भी टिकट नहीं मिल पा रहा है, जो आपात स्थिति में पहले वेटिंग टिकट लेकर यात्रा कर लेते थे। ऐसे यात्री अब जनरल कोच का रुख कर रहे हैं, जिससे जनरल डिब्बों में भीड़ तेजी से बढ़ गई है। रायपुर से गुजरने वाली अधिकांश ट्रेनों में केवल तीन जनरल कोच की सुविधा है। तय क्षमता से अधिक यात्री इन कोचों में सफर कर रहे हैं, जिससे यात्रियों को चढ़ने और उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह हो गई है कि अब जनरल कोचों में खड़े होने की भी जगह नहीं बच रही है।




- अंतिम समय की यात्रा योजना नहीं हो रही पूरी, पहले ही बंद हो रही टिकट बुकिंग

**महानगरों की ओर जाने वाली ट्रेनों में नो रूम, स्लीपर बुकिंग पहले ही बंद**

रेलवे द्वारा आरक्षण चार्ट तैयार करने के समय में बदलाव के बाद अब ट्रेनों की बुकिंग समय से पहले ही बंद हो रही है। रायपुर से मुंबई, दिल्ली, नागपुर, भोपाल, इंदौर, हैदराबाद, उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में 5 से 6 जुलाई तक स्लीपर कोच की बुकिंग पूरी तरह बंद हो चुकी है। स्थिति यह हो गई है कि आरक्षण केंद्रों में पहुंच रहे अधिकतर यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहा और उन्हें लौटना पड़ रहा है। रेलवे की ओर से यात्रियों को ऑनलाइन स्थिति जांचने की सलाह दी जा रही है, ताकि वे बेवजह आरक्षण केंद्र न आएं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्री यदि अग्रिम योजना बनाकर टिकट बुक करें, तो कन्फर्म टिकट मिलने की संभावना बनी रह सकती है।

### आरक्षण केंद्रों में घट रही है यात्रियों की भीड़

रेलवे के नए आरक्षण नियमों का असर अब स्टेशन परिसर स्थित आरक्षण केंद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। गुरुवार को दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे के बीच केंद्र में केवल 50 से अधिक यात्री टिकट खरीदने पहुंचे, लेकिन इनमें से मात्र दर्जनभर यात्रियों को ही कन्फर्म टिकट मिल पाया, जिन्हें अगस्त या फिर जुलाई में मध्य में सफर करना है। भोपाल, जबलपुर और छपरा जैसे प्रमुख गंतव्यों के लिए स्लीपर और थर्ड एसी कोच में एक से तीन दिन के भीतर की यात्रा के लिए बुकिंग बंद पाई गई। यात्रियों को आरक्षण केंद्रों में सूचित किया गया कि अब सप्ताहभर बाद की यात्रा पर ही कंफर्म टिकट मिलने की संभावना है। रेलवे के नए नियमों के तहत वेटिंग लिस्ट को सीमित कर दिए जाने के कारण अब यात्रियों को वेटिंग टिकट मिलने की बजाय सीधे बुकिंग बंद का सामना करना पड़ रहा है। इससे न केवल यात्रियों को असुविधा हो रही है, बल्कि आरक्षण केंद्रों में भीड़ में भी कमी देखने को मिल रही है।

## नक्सली को माफी नहीं देने का एनआईए कोर्ट का फैसला हाईकोर्ट ने निरस्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

नक्सली को माफी नहीं देने का एनआईए कोर्ट का फैसला हाईकोर्ट ने निरस्त किया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सीआरपीसी की धारा 307 (अब भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 344) के तहत ट्रायल कोर्ट सच्ची गवाही पर सह अभियुक्त को माफी दे सकता है। कोतवाली थाना, जिला बीजापुर में 16 जून 2023 को एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी दिनेश ताती को 10 लाख रुपए की नकदी (2000 के नोटों में), 80 नक्सली पर्चे, एक पासबुक और कुछ दवाइयों के साथ गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में उसने बताया यह राशि उसे आत्मसमर्पण किए नक्सलियों शांति हेमला और पांडु पोट्टम ने दी थी, जो प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) से संबंधित हैं। आरोपी को यह धन ट्रैक्टर खरीदने और नक्सली पर्चे वितरित करने के लिए दिया गया था। जांच के दौरान यूएपीए अधिनियम, 1967 की धाराएं 10, 13(1)(2), 39, और 40 भी जोड़ी गईं। इसके बाद केंद्र सरकार ने इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर मानते हुए 27 मार्च 2024 को एनआईए को सौंप दिया।

### कभी गिरफ्तार ही नहीं किया गया

एनआईए ने मामला दर्ज कर जांच के दौरान एक आत्मसमर्पित नक्सली को माफी देने की अनुमति विशेष न्यायालय से मांगी ताकि वह गवाह के रूप में अन्य आरोपियों के खिलाफ गवाही दे सके। एनआईए कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी थी कि धारा बीएनएसएस की धारा 343(4)(बी) के तहत जब तक अभियुक्त पहले से जमानत पर न हो, उसे ट्रायल समाप्त होने तक हिरासत में रखा जाना चाहिए। चूंकि इस मामले में उक्त व्यक्ति को कभी गिरफ्तार ही नहीं किया गया था, कोर्ट ने माफी देने से इनकार कर दिया। प्रकरण दोबारा विचार के लिए एनआईए को भेजकर हाईकोर्ट ने माना कि ट्रायल कोर्ट का यह दृष्टिकोण गलत है और उसने कानून के उद्देश्य को समझे बिना याचिका खारिज की गई।

## आयुष्मान क्लेम की कटाई-छंटाई में टीपीए कंपनियों ने नहीं दिखाई दिलचस्पी, तीसरी बार बढ़ाई निविदा की तारीख

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के क्लेम के ऑडिट के लिए टीपीए कंपनियों द्वारा दिलचस्पी नहीं दिखाए जाने की वजह से तीसरी बार निविदा की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। नवा रायपुर में ऑफिस के लिए 80 डाक्टरों की फुलटाइम व्यवस्था का नियम ज्यादा खर्चीला पड़ रहा है। वहीं स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय में प्रोसेसिंग ऑफिस बनाए जाने से अनावश्यक दखलंदाजी बढ़ने के अंदेशे से कई कंपनियां इसके लिए दिलचस्पी नहीं दिखा रहीं।

आयुष्मान योजनाओं में मरीजों के निशुल्क इलाज के बाद अस्पतालों से आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम स्वास्थ्य संचालनालय की स्टेट नोडल एजेंसी थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन (टीपीए) द्वारा कराया जाता है। पिछले तीन महीने से आडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी का अनुबंध समाप्त हो चुका है और नयी कंपनी तय करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी ही नहीं हो पा रही है। सूत्रों का कहना है कि पूर्व में यह काम सिटी ऑफिस में पूरा हो जाता था और ऑडिट के लिए कम खर्च में ही एमबीबीएस के डाक्टर पार्ट टाइम जॉब के रूप में मिल जाते थे। नयी शर्तों के अनुसार टीपीए द्वारा प्रोसेसिंग का काम नवा रायपर स्थित स्टेट नोडल एजेंसी के कार्यालय से किया जाना है। इसके लिए अनुबंधित कंपनी को 80 डाक्टरों की व्यवस्था करनी पड़ेगी। फुल टाइम सेवा की वजह से डाक्टरों की नियुक्ति के लिए ज्यादा वेतन खर्च करना पड़ेगा। इसके अलावा दूसरी बड़ी बात एसएनए के कैंपस में ऑडिट होने से अनावश्यक रूप से अफसरों की दखलंदाजी की आशंका है। इसकी वजह से टीपीए कंपनियां इस टेंडर प्रक्रिया में शामिल होने से पीछे हट रही हैं और आयुष्मान योजना के आने वाले क्लेम के ऑडिट का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। इस बार की टेंडर प्रक्रिया में केवल दो एजेंसी के शामिल होने की वजह से तीसरी बार ज्यादा कंपनियों की भागीदारी की आस में तारीख बढ़ा दी गई है।

### फंसे हुए हैं आठ सौ करोड़

इधर अस्पताल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि क्लेम ऑडिट नहीं होने की वजह से निजी अस्पतालों को भी राशि का सही तरीके से भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया में अस्पतालों के करीब आठ सौ करोड़ रुपये अटके हुए हैं। इसकी वजह से कई अस्पतालों की परेशानी बढ़ रही है। इस संबंध में चिकित्सकीय संगठन भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों से मुलाकात कर चुके हैं।

### 29 मई से शुरू हुई प्रक्रिया

जानकारी के अनुसार शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के प्रोसेसिंग कार्य के लिए राज्य की नोडल एजेंसी ने 29 मई 2025 को निविदा जारी की थी। इसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 जून और टेंडर ओपन होने की तारीख 23 जून तय की गई थी। तकनीकी कारणों का हवाला देकर टेंडर ओपन करने की तारीख 28 जून तक बढ़ाई गई और इसी दिन निविदा खोलना तय किया गया था, जिसे 30 जून किया गया। टेंडर में केवल दो कंपनियों द्वारा भागीदारी निभाने की वजह से अब निविदा की तिथि पुनः बढ़ाकर 21 जुलाई कर दी गई है।

### पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी पर साइबर अटैक

**रायपुर।** लोगों को साइबर सुरक्षा देने वाली पुलिस की साइबर विंग के इंस्टाग्राम पेज पर गुरुवार को अटैक कर अश्लील सामग्री परोस कर पुलिस को परेशान कर दिया।हालांकि पुलिस ने एक घंटे के भीतर सिस्टम को रिकवर कर लिया। पोस्ट में हैकरों ने एलन मस्क तथा एक लड़की को दिखाया है। पुलिस की इंस्टाग्राम आईडी हैक होने की घटना शाम पांच बजे के करीब हुई थी। जानकारी के मुताबिक पुलिस के इंस्टाग्राम पेज पर अचानक एलन मस्क के साथ एक युवती का इंस्टाग्राम में वीडियो चलने लगा। पुलिस के इंस्टाग्राम पेज पर एलन मस्क तथा युवती का वीडियो देखकर फॉलोवर कुछ समझ नहीं पाए। फॉलोवर को लगा पुलिस कुछ मैसेज देना चाह रही है। बाद में फॉलोवर को पता चला की किसी ने पुलिस का इंस्टापेज हैक कर लिया है। इसी दौरान पुलिस को भी अपने इंस्टाग्राम पेज हैक होने की भनक लग गई।

### एनीमिया से जंग, हेल्थ सेंटरों के डाक्टरों को गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ से मिल रहा जीत का मंत्र

रायपुर। प्रदेश में एनीमिया के खिलाफ चल रही जंग में शामिल शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों के डाक्टरों को फोर्टिस हास्पिटल गुरुग्राम के रक्त रोग विशेषज्ञ सफल होने के लिए रक्त विकारों के नवीनतम नैदानिक एवं उपचार प्रोटोकॉल के जरिए जीत का मंत्र दे रहे हैं।

रायपुर जिले में मेडी गुरु की नयी योजना की शुरुआत की गई है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के नेतृत्व में रक्त रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल भार्गव प्रत्येक गुरुवार को दोपहर तीन से चार बजे तक जिले के समस्त शासकीय संस्थाओं में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर रोकथाम किया जाना है। गुरुवार को इस स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया भी ऑनलाइन प्रशिक्षण में जुड़ कर एनीमिया का समय अनुरूप सही पहचान कर उचित प्रबंधन के सभी चिकित्सकों को निर्देश दिए।

## सामाजिक बैठक में नवजात की हत्या स्वीकारी, महिला की उम्रकैद की सजा

**हाईकोर्ट ने इसे आधार माना, सत्र न्यायालय के फैसले को सही माना गया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने 2 दिन के नवजात शिशु की हत्या के मामले में आरोपी मां की याचिका खारिज कर दी है। सामाजिक बैठक में महिला ने कहा था कि हमारे अवैध संबंध से बच्चे का जन्म हुआ। सह आरोपी ने बच्चे को रखने से मना कर दिया। इसलिए बच्चे की हत्या कर दी। हाईकोर्ट ने भरी सभा में यह कहने को सजा का आधार माना है।

रायपुर जिला निवासी व्यक्ति ने 22 अक्टूबर 2018 को पुलिस को सूचना दी कि उसकी विधवा बहू और सह आरोपी ने 2 दिन के बच्चे के माथा और गले में चोट पहुंचा उसकी हत्या कर दी। फिर उसके शव फेंक दिया है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर



शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में नवजात के सिर, गले में चोट से मौत और हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। पुलिस ने जनवरी 2019 में अपराध दर्ज कर महिला और सह आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। विचारण न्यायालय ने सह आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया, लेकिन अपने ही बच्चे की हत्या के आरोपी महिला को 302 में आजीवन, 201 में 5 वर्ष और 318 में 2 वर्ष कैद की सजा सुनाई।

### चिकित्सा साक्ष्य गवाहों के बयान से पुष्टि

अपील में कहा गया कि उसे झूठा फंसाया गया है। अपीलकर्ता के ससुर जिन्होंने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थी वह अपने बयान से पलट गए हैं और अभियोजन पक्ष के मामले का समर्थन नहीं किया है। घटना 22 अगस्त 2018 को हुई थी और एफआईआर 17 जनवरी 2019 को दर्ज की गई थी, यानी तीन महीने से अधिक की देरी हुई। दर्ज कराई गई लिखित रिपोर्ट में तारीख भी नहीं है। मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं है। शासन की ओर से कहा गया कि अपीलार्थी ने समाज की बैठक में स्वीकारा था कि सह-अभियुक्त के बीच संबंध होने के कारण बच्चा पैदा हुआ था। बाद में उसकी हत्या कर दी गई।

## महात्मा गांधी उद्यानिकी विवि के कुलपति नियुक्ति को चुनौती, शासन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

महात्मा गांधी उद्यानिकी विवि के कुलपति नियुक्ति को चुनौती दी गई है। उच्च न्यायालय ने याचिका पर संज्ञान लेते हुए राज्य शासन एवं महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने कहा है। राज्य शासन द्वारा अधिनियम के माध्यम से उद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। विश्वविद्यालय का उद्देश्य उद्यानिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रशिक्षण प्रदान करना है। विश्वविद्यालय में नियमित कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई तथा योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए। नियुक्ति के लिए एक तीन सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया। विज्ञापन के प्रकाशन के पश्चात 38 आवेदन प्राप्त हुए। चयन समिति द्वारा 8 नामों का पैनल तैयार कर राज्यपाल के सचिवालय को प्रेषित किया गया। परीक्षण उपरांत डॉ आर आर सक्सेना को उद्यानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया। इसके विरुद्ध याचिकाकर्ता डॉ अवनिन्द्र कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय में अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से याचिका प्रस्तुत की। याचिका में बताया गया कि कुलपति की नियुक्ति में निर्धारित प्रक्रिया का सम्यक रूप से पालन नहीं किया गया है। आवेदनकर्ताओं के आवेदन एवं उनके द्वारा धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का तुलनात्मक परीक्षण ही नहीं किया गया है। याचिका में आधार लिया गया कि चयन प्रक्रिया के दौरान सभी उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर चयन सूची जारी नहीं की गई न ही आवेदकों को मेरिट के आधार पर अंक प्रदान किए गए। याचिकाकर्ता द्वारा धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव का तुलनात्मक विश्लेषण किया जाए तो याचिकाकर्ता सभी मापदंडों में अधिक योग्य है। उच्च न्यायालय ने याचिका पर संज्ञान लेते हुए राज्य शासन एवं महात्मा गांधी उद्यानिकी विश्वविद्यालय को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

बिलासपुर
शनिवार, 5 जुलाई 2025
आषाढ़ शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 25, अंक : 104
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 26.4
न्यून. 24.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

7 गुकेश की शानदार जीत, दुनिया के ...


विचार पेज
2 डॉ. मुखर्जी लाए थे शिक्षा...

# मंत्री, विधायक, सांसद कल रात तक पहुंचेंगे मैनपाट, सीएम 7 की सुबह जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

मैनपाट में 7 से 9 जुलाई तक होने वाले प्रदेश के मंत्री, भाजपा विधायक और सांसदों के प्रशिक्षण वर्ग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को सभी सांसद, विधायकों को पत्र लिखकर तीन दिनों तक अनिवार्य रूप से रहने के लिए कहा है। इधर सभी मंत्रियों, सांसद और विधायकों को प्रदेश संगठन ने हर हाल में 6 जुलाई की रात तक मैनपाट पहुंचने के निर्देश दिए हैं। विधायक और सांसद ट्रेन और निजी वाहनों से मैनपाट जाएंगे। मुख्यमंत्री सात जुलाई की सुबह मैनपाट जाएंगे।

प्रशिक्षण वर्ग में तीन दिनों में 12 सत्र होंगे। इसके लिए लगातार राष्ट्रीय नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के नाम जुड़ते जा रहे हैं। अब केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बाद एक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम भी जुड़ गया है। उनका भी एक सत्र होगा। 7 जुलाई की सुबह से ही सत्र प्रारंभ होंगे। उद्घाटन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रहेंगे।

### पहली बार ऐसा आयोजन

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पहली बार छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के पूरे मंत्रिमंडल, विधायकों और सांसदों के लिए एक तीन दिनों के प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में जहां भाजपा की रीति-नीति पर बात होगी, वहीं विधायकों को यह मार्गदर्शन दिया जाएगा कि वे अपना प्रदर्शन कैसे और बेहतर कर सकते हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव में बहुत विधायक नए चुनकर आए हैं। इनको इस मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा। अंतिम दिन जिला पंचायत के अध्यक्ष और महापौर भी प्रशिक्षण वर्ग का हिस्सा बनेंगे।

### मुख्यमंत्री साय ने सांसद, विधायकों को प्रशिक्षण वर्ग में रहने के लिए लिखा पत्र



### तीन दिन में होंगे 12 सत्र

तीन दिनों के प्रशिक्षण वर्ग के लिए एक दर्जन यानी 12 सत्र तय किए गए हैं। हर सत्र के लिए अलग-अलग वक्ता होंगे। पहले दिन उद्घाटन सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रहेंगे। इसके बाद के सत्रों के लिए वक्ता तय किए जा रहे हैं। दूसरे दिन के सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष रहेंगे। अन्य सत्रों के लिए भी वक्ता तय किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, धर्मेंद्र प्रधान और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े का भी एक सत्र होगा। अंतिम दिन समापन सत्र में केंद्रीय मंत्री अमित शाह आएंगे। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश भी एक सत्र में मार्गदर्शन देंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का भी एक सत्र संभव है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### उद्योगपति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की



**कटनी।** मप्र के कटनी के जाने-माने उद्योगपति अजय गेई ने कल देर रात खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि शारीरिक तकलीफों से परेशान रहने के कारण संभवतः उद्योगपति ने यह कदम उठाया है, हालांकि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### बवाना हत्याकांड मामले में दो शार्पशूटर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर 34 के पास मुठभेड़ के बाद नंदू गिरोह के दो 'शार्पशूटर' को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी बवाना इलाके में गैंगस्टर मंजीत महल के भतीजे दीपक की हत्या में कथित रूप से शामिल थे।

### मुंबई के कबूतरखाने होंगे बंद, दाना डालने पर सख्ती



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए मुंबई में कबूतरों को दाना डालने पर सख्ती शुरू कर दी है। अब बीएमसी को शहर भर के कबूतरखानों को बंद करने का आदेश दिया गया है। बता दें कि, कबूतरों से बीमारियां फैल रही है।

केदारनाथ यात्रा भी रुकी... उत्तराखंड में भारी बारिश का कहर

# दरक रहे पहाड़, केदारनाथ के पास भूस्खलन से 3 श्रद्धालुओं की मौत, 113 सड़कें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भूस्खलन हुआ। इस हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, और आठ घायल हो गए। छोटी गदेरा के पास मलबा गिरने से यह घटना हुई। रुद्रप्रयाग में अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है, जिससे प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है. नदी किनारे रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं देश में भी चारों ओर बारिश का कहर जारी है।

अलकनंदा और मंदाकिनी नदियों का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे के घरों को खाली कराया गया है। बदरीनाथ और केदारनाथ हाईवे भी जगह-जगह बंद हो गए हैं। अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे बने घाटों तक पानी पहुंच गया है। गंगोत्री धाम के पास तीर्थयात्री जाम में फंसे रहे।

### भारी बारिश के कारण सड़कें बंद

उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण 113 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें दो नेशनल हाईवे भी शामिल हैं। इनमें से अधिकांश सड़कें मलबा, पत्थरों के गिरने और लैंडस्लाइड के कारण बंद हुई हैं। दो नेशनल हाईवे बंद हैं। जिनमें बीआरओ की तीन सड़कें और स्टेट हाईवे की दो सड़कें शामिल हैं।



**बोल्डर गिरने से पैदल मार्ग पूरी तरह से बाधित :** रुद्रप्रयाग जिले में भारी बारिश के कारण एक नेशनल हाईवे और 5 ग्रामीण मोटर मार्ग मलबा और पत्थरों के गिरने से अवरुद्ध हो गए हैं। केदारनाथ यात्रा भी अस्थायी रूप से रोक दी गई है गौरीकुंड से एक किमी आगे मलबा और बोल्डर गिरने से पैदल मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है।

**सप्ताह भर बाद भी आवाजाही प्रभावित :** यमुनोत्री हाइवे पर वाहनों का आवागमन पिछले एक सप्ताह से रुका हुआ है एक सप्ताह बाद भी वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हो सकी है जिस कारण यमुनोत्री धाम में सन्नाटा है स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो रही है सीमा सड़क संगठन हाईवे दुरुस्त कर रहा है।

### बढ़ेगा बारिश का दायरा
### बिलासपुर-सरगुजा संभाग में अलर्ट भी

**रायपुर।** अब तक उत्तर और दक्षिण में असर दिखा रही बारिश का दायरा एक बार फिर बढ़ने की उम्मीद है। मौसम विभाग द्वारा अगले चौबीस घंटे में बिलासपुर और सरगुजा संभाग में भारी बारिश का अलर्ट भी जारी किया गया है। मानसून की सक्रियता ⏭ शेष पेज 6 पर

### देश के मौसम का हाल
### यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक पानी पानी

उत्तर प्रदेश से लेकर हिमाचल तक और महाराष्ट्र तक बादलों की गड़गड़ाहट और भारी बारिश छाई हुई हैं। कहीं हल्की बौछारें तो कहीं भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। मौसम विभाग ने



अगले कुछ दिनों तक उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा, केरल कर्नाटक के उत्तर कन्नड़, दक्षिण कन्नड़ और उडुपी जैसे इलाकों में आज भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। दिल्ली-एनसीआर में भी 8 जुलाई तक गरज के साथ हल्की बारिश का अनुमान है, जहां तापमान 28 डिग्री तक गिर सकता है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का इंतजार अभी बाकी है, लेकिन आसमान में बादल छाए रह सकते हैं और गर्मी थोड़ी बढ़ सकती है। मौसम विभाग ने राजस्थान के लिए भी चेतावनी जारी की है। 4 जुलाई को कई जिलों में भारी बारिश की आशंका है।

### उप-सेना प्रमुख ने किया खुलासा

# ऑपरेशन सिंदूर : पाक को भारत की तैयारियों का डाटा लीक कर रहा था चीन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना के उप सेना प्रमुख (क्षमता विकास एवं संधारण) लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन पाकिस्तान को भारत की तैयारियों और अग्रिम मोर्चों पर हमारी तैनाती को लेकर इनपुट दे रहा था। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन-पाकिस्तान और तुर्किए के गठबंधन को बेनकाब किया है।

### पाक को मिल रहे थे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट

फिक्की द्वारा आयोजित 'न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज' कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब डीजीएमओ स्तर की वार्ता चल रही थी, तो पाकिस्तान को चीन से हमारे महत्वपूर्ण वैक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। ऐसे में यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हमें असल में ज्यादा से ज्यादा और तेजी के साथ काम करने की जरूरत है।

### पाक के पास 81 प्रश सैन्य हार्डवेयर चीनी

लेफ्टिनेंट राहुल ने कहा, पूरे ऑपरेशन के दौरान वायु रक्षा और उसका संचालन कैसे किया गया, यह महत्वपूर्ण था। इस बार, हमारे आबादी वाले केंद्रों पर ठीक से ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। हमारे पास एक सीमा थी और 2 विरोधी थे, वास्तव में 3। पाकिस्तान सबसे आगे था। चीन हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा था। पाकिस्तान के पास 81 प्रतिशत सैन्य हार्डवेयर चीनी है।

संसद के मानसून सत्र में जमकर उठेगा ये मामला

## पक्ष-विपक्ष हुए साथ, जस्टिस वर्मा की कुर्सी जाने का रास्ता साफ!



**नई दिल्ली।** सरकार इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर इकट्ठे करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू करेगी, क्योंकि आधे से ज्यादा राजनितिक दलों के नेताओं ने सैद्धांतिक रूप से प्रस्ताव का समर्थन करने की बात स्वीकार कर ली है। किरेन रिजिजू ने कहा की जल्द ही हस्ताक्षर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिससे एक बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि जस्टिस यशवंत वर्मा की मुश्किलें अब बढ़ने वाली हैं।

### किरेन रिजिजू ने क्या कहा?

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि कई राजनितिक दलों के नेताओं ने महाभियोग के लिए अपनी सहमति दे दी है। अब हस्ताक्षर प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। लेकिन अभी यह निर्णय लिया जाना बाकी है।

## चलती ट्रेन में लगी आग यात्रियों में मची अफरातफरी

रेलवे की सुरक्षा पर उठे सवाल



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में एक बड़ा रेल हादसा टल गया जब उदयपुर जा रही हमसफर एक्सप्रेस के इंजन में अचानक आग लग गई। यह घटना उस वक्त हुई जब ट्रेन बेंगलुरु से गुजर रही थी। हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें ट्रेन के इंजन से धुआं और आग की लपटें साफ दिखाई दे रही हैं।

## मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं होगी: फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य में मराठी भाषा को लेकर चल रहे विवाद के बीच पहली बार बयान दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि मराठी के नाम पर गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, मराठी का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन किसी की पिटाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

महाराष्ट्र थप्पड़ कांड पर बवाल



**फडणवीस बोले- मारपीट करना गलत :** फडणवीस ने कहा, मारपीट करना गलत है। मुंबई में मराठी बोली जानी चाहिए, लेकिन अगर किसी को मराठी नहीं आती, तो उसे पीटना बर्दाश्त नहीं है। हमारे मराठी भाई कई जगहों पर व्यापार करते हैं, अगर उन्हें वहां की भाषा न आए तो क्या उनके साथ ऐसा व्यवहार किया जाना चाहिए?

### हाईकोर्ट का अहम फैसला

# शादीशुदा महिला नहीं लगा सकती झूठे शादी के वादे कर संबंध बनाने का आरोप



एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरल हाई कोर्ट ने हाल ही में दुष्कर्म के एक मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि एक शादीशुदा महिला यह आरोप नहीं लगा सकती कि उसे शादी के झूठे वादे के तहत यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। यह टिप्पणी ऐसे मामलों में न्यायिक दृष्टिकोण को प्रभावित कर सकती है जहाँ विवाहित महिलाएं ऐसे आरोप लगाती हैं। जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने साफ किया कि जब दुष्कर्म या शादी के झूठे वादे पर धोखे से यौन संबंध ⏭ शेष पेज 6 पर

### कोर्ट ने क्या-क्या कहा....

कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा, यह देखा गया है कि शादी का वादा करके दुष्कर्म करने का आरोप लगाने वाले मामलों पर विचार करते समय इस समय इस अदालत के लिए इस निष्कर्ष पर पहुंचना मुश्किल है कि संबंध सहमति से था या नहीं। पूरी परिस्थितियों को ध्यान में रखना होगा। खासकर जब एक शादीशुदा महिला किसी अन्य व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाती है। अगर दोनों पक्ष मौजूदा विवाह के बारे में जानते हैं तो यह आरोप नहीं लगाया जा सकता है कि उनके बीच यौन संबंध शादी के वादे के लिए बनाए गए थे।

### एक आरोपी की जमानत याचिका पर दिया फैसला

यह आदेश कोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति की जमानत याचिका पर दिया है, जिस पर बीएनएस की धारा 84 (आपराधिक इरादे से एक विवाहित महिला को बहकाना या ले जाना) और 69 (धोखे से यौन संबंध बनाना) के तहत आरोप लगाए गए थे। धारा 69 में शादी का झूठा वादा करके संबंध बनाना भी शामिल है, जिसमें 10 साल तक की कैद की सजा हो सकती है।



BILASPUR: PARSADA, TRANSPORT NAGAR: M SQUARE MOTORS: 7000857522 | INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH: SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS: 7583887512, 6261683314.

## चिंतन

# पाकिस्तानी कंधे पर थी चीनी व तुर्किये बंदूक

अपनी रक्षा तैयारियों में अब भारत को खास ध्यान रखना होगा कि कोई भी सैन्य संघर्ष केवल उसी देश से नहीं होगा, बल्कि इसमें दूसरे भी शामिल हो सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के वक्त देखा गया कि पाकिस्तान को चीन खुलकर मदद कर रहा था। वह इस सैन्य संघर्ष में अपने हथियारों की टेस्टिंग कर रहा था। चीन के अलावा तुर्किये भी पाकिस्तान को ड्रोन व अन्य हथियार मुहैया करा रहा था। कूटनीतिक हलके में यह बात पहले से ही कही जा रहा थी, अब सेना ने भी इस नजरिये पर मुहर लगा दी है। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह के मुताबिक, चीन ने मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए चार दिवसीय सशस्त्र संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक 'प्रयोगशाला' की तरह इस्तेमाल किया और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की प्राचीन सैन्य रणनीति के अनुरूप, इस्लामाबाद को हरसंभव सहायता प्रदान की। पाकिस्तान जहां सिर्फ सामने का चेहरा था, वहीं चीन अपने सदाबहार मित्र को हरसंभव सहायता दे रहा था, और तुर्किये भी इस्लामाबाद को सैन्य साजोसामान की आपूर्ति करके प्रमुख भूमिका निभा रहा था। संघर्ष के दौरान भारत वास्तव में कम से कम तीन शत्रुओं से निपट रहा था। चीन भारतीय सैन्य एक्शनों की लाइव जानकारी पाकिस्तान को दे रहा था। चीन अपने उपग्रहों का उपयोग भारतीय सैन्य तैनाती की निगरानी के लिए कर रहा था, क्योंकि पाकिस्तानी सेना को डीजीएमओ (सैन्य अभियान महानिदेशक) स्तर की फोन वार्ता के दौरान इसके बारे में सीधी जानकारी मिल रही थी। चीन की 36 चालों की प्राचीन सैन्य रणनीति रही है और दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर दुश्मन को मारने की नीति पुरानी है। बीजिंग ने भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पाकिस्तान को हरसंभव समर्थन दिया। 'दूसरे के कंधे पर बंदूक रखकर' दुश्मन को मारने का मतलब है कि दुश्मन को पराजित करने के लिए, सीधे शामिल हुए बिना, किसी तीसरे पक्ष का इस्तेमाल करना। कहने का तात्पर्य कि चीन ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया। जैसे यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग में अमेरिका व रूस के यूरोपीय शत्रु ने यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर मास्को को मात देने की कोशिश कर रहे हैं। इस्लामाबाद को बीजिंग का समर्थन आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें, तो पाकिस्तानी सशस्त्र बलों का 81 प्रतिशत सैन्य साजोसामान चीन से आ रहा है। चीन उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश पाकिस्तान का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है। पाकिस्तान के साथ इस सैन्य संघर्ष से भारत को सबक सीखने की जरूरत है कि भारत का मुकाबला पाक के अलावा चीन व तुर्किये से भी होगा। भारत के लिए अगला महत्वपूर्ण सबक सी4आईएसआर (कमांड, कंट्रोल, कम्यूनिकेशन, कंप्यूटर, इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रीकानिसन्स) और नागरिक-सैन्य संलयन का महत्व है। अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। अब तक यह साफ हो चुका है कि भारत की आक्रामक ऑपरेशन सिंदूर कार्रवाई के चलते पाकिस्तान को लड़ाई समाप्त करने की गुहार लगाने पर मजबूर होना पड़ा था। इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, जैसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था। हमें अब सैन्य व कूटनीतिक रूप से अधिक चौकस रहने की जरूरत है और अपनी सैन्य तैयारियों को अलर्ट मोड पर रखने की आवश्यकता है।



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

# डॉ. मुखर्जी लाए थे शिक्षा क्षेत्र में सुधार

डॉ. श्यामा प्रसाद ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अनेक मौलिक सुधार किए| उस समय देश अंग्रेजी दासता के अधीन था। उन्होंने शिक्षा को स्वाभिमान के साथ जोड़ा। कलकत्ता विश्वविद्यालय में अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक चिन्ह को बदलकर पूर्ण खिलते कमल के मध्य "श्री" लिखवाया, जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। तब दीक्षांत समारोह अंग्रेजी में होते थे। 1937 के दीक्षांत समारोह में उन्होंने गुरुवर रवींद्रनाथ ठाकुर को बुलाया। रवींद्रनाथ ठाकुर ने नई परंपरा प्रारंभ करते हुए अपना भाषण बांग्ला भाषा में दिया। महिला शिक्षा में वृद्धि, भारतीय विद्वानों को अवसर, भारतीय संस्कृति का समावेश, शिक्षा क्षेत्र में उनके द्वारा की गई पहल है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को सर आशुतोष मुखर्जी एवं जोगमाया देवी के परिवार में कलकत्ता में हुआ था। डॉ. श्यामा प्रसाद अपने माता-पिता की सात संतानों में से दूसरी संतान थे। डॉ. मुखर्जी कुशाग्र बुद्धि एवं प्रखर विद्वान थे। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने एवं कुलपति के दायित्व का दो बार निर्वहन किया। कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति रहते हुए उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में अनेक मौलिक सुधार किए। उस समय देश अंग्रेजी दासता के अधीन था।

उन्होंने शिक्षा को स्वाभिमान के साथ जोड़ा। कलकत्ता विश्वविद्यालय में अंग्रेजों की गुलामी के प्रतीक चिन्ह को बदलकर पूर्ण खिलते कमल के मध्य "श्री" लिखवाया, जो भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। उस समय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह अंग्रेजी भाषा में होते थे। 1937 के दीक्षांत समारोह में उन्होंने गुरुवर रवींद्रनाथ ठाकुर को बुलाया। रवींद्रनाथ ठाकुर ने नई परंपरा प्रारंभ करते हुए अपना भाषण बांग्ला भाषा में दिया। महिला शिक्षा में वृद्धि, भारतीय विद्वानों को अवसर, भारतीय संस्कृति का समावेश, शिक्षा क्षेत्र में उनके द्वारा की गई पहल है। 1929 कलकत्ता विश्वविद्यालय चुनाव क्षेत्र से वह बंगाल विधान परिषद में गए। बंगाल में मुस्लिम लीग एवं कृषक प्रजा पार्टी की गठबंधन सरकार द्वारा हिंदू समाज के उत्पीड़न के विरोध के लिए उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश किया था। हिंदू समाज के संरक्षण का यह कार्य वह अपने मृत्यु पर्यंत करते रहे। बाद में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिंदू महासभा से जुड़े एवं उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. सुहरावर्दी भाषा के नाम पर संयुक्त बंगाल का नारा दे रहे थे। उनकी योजना थी कि बंगाल का विभाजन नहीं होगा एवं संपूर्ण बंगाल पाकिस्तान के साथ चला जाएगा। अज्ञानतावश कुछ कांग्रेस नेता भी इसका समर्थन कर रहे थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस षड्यंत्र को समझा एवं उद्घोष किया कि "न तो हम पाकिस्तान में रहेंगे, न संयुक्त बंगाल में। हम भारत का हिस्सा हैं और भारत के ही साथ रहेंगे।" इसके लिए उन्होंने तीव्र आन्दोलन खड़ा किया। कांग्रेस के नेताओं एवं लार्ड माउंटबेटन को पत्र एवं संवाद के द्वारा यह समझाने में सफलता प्राप्त की कि यदि पंजाब विभाजन संभव है तो बंगाल क्यों नहीं।

आज हम गर्व के साथ यह अनुभव कर सकते हैं कि यदि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो बंगाल भारत में नहीं होता। इस संकट की अनुभूति हमको इससे और अधिक तब हो सकती है जब हम आज बांग्लादेश में होने वाली घटनाओं के साथ इसकी तुलना करें। जहां न तो हिंदू सुरक्षित है और न ही उनकी आराध्य मां काली और उनका मंदिर। बांग्लादेश को उसका राष्ट्रगीत देने वाले गुरुवर रवींद्रनाथ ठाकुर की प्रतिमा भी तोड़ी जा रही है। जो अपने पितृपुरुष बंगबंधु मुजीबुर रहमान को ही स्वीकार नहीं कर रहे, वह हिंदू समाज को कैसे करेंगे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपनी दूर दृष्टि से इसे पहचाना था। आज यदि बंगाल हमारे पास न होता तब भारत का उत्तर पूर्व का भाग भी हमारे साथ नहीं होता है। आज भारत को जोड़ने वाले चिकन नेक के सामरिक महत्व को हम सभी समझ रहे हैं। आर्थिक दृष्टि से बंगाल की खाड़ी का महत्व कलकत्ता के साथ जोड़कर ही देखा जा



सकता है। जिस खतरे का डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अनुमान कर अपनी दूर दृष्टि से बंगाल को भारत के साथ रख कर दिया। आज वह संकट बंगाल में हम सभी के सम्मुख खड़ा दिखाई दे रहा है।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रधानमंत्री नेहरू सरकार में उद्योग मंत्री थे। भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं का मतान्तरण, अत्याचार एवं भारत में आए शरणार्थी हिंदुओं की उपेक्षा के कारण वह बहुत दुखी थे। समस्या के समाधान के लिए नेहरु लियाकत समझौता भी पक्षपात पूर्ण होने के कारण उन्होंने हिंदुओं के प्रति नेहरू सरकार के उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण अपना त्यागपत्र दे दिया और कलकत्ता आकर शरणार्थी हिंदू समाज की सेवा में जुड़ गए।

उद्योग मंत्री रहते हुए 1948 में भारतीय उद्योग नीति का निर्माण किया। औद्योगिक वित्त की व्यवस्था करते हुए उन्होंने इंडस्ट्रियल फाइनेंस कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया की भी 1948 में स्थापना की। आत्मनिर्भरता के मंत्र से युक्त औद्योगिक नीति उन्होंने दी। चार क्षेत्र रक्षा, परमाणु ऊर्जा, रेलवे एवं वायुसेवा उनके फोकस क्षेत्र थे। चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स, हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट फैक्ट्री (एचएएल) सिन्दरी फर्टिलाइजर्स प्लांट धनबाद, दामोदर घाटी परियोजना, हीराकुंड बांध, भिलाई स्टील प्लांट उनके द्वारा स्थापित प्रसिद्ध उद्योग हैं, जो देश के विकास में आज भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल राजनेता नहीं समाज के प्रति संवेदनशील एवं सेवाभावी नेता थे। 1943 में बंगाल में भीषणतम अकाल आया। इस अकाल में लगभग 30 लाख लोगों के मरने का अनुमान था। यह अकाल केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, ब्रिटिश शासन की विफलताओं के कारण आया था। प्रशासन भी अन्न राहत देने के स्थान पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहा था एवं सामान्य जनता को भगवान भरोसे ही छोड़ दिया था। उन्होंने इस समय ब्रिटिश सरकार एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री की असफल नीतियों का प्रचंड विरोध किया। स्वयं समाज से सहायता सामग्री एकत्रित कर सेवा एवं राहत कार्यों का नेतृत्व किया। अकाल पीड़ितों की सेवा में इतने मग्न हो गए थे कि अपनी पुत्री के विवाह के समय पिता द्वारा होने वाले रस्म "संप्रदान" के समय भी उपस्थित नहीं रह पाए। स्वतंत्रता के पश्चात देश को राष्ट्रवादी नीतियों, लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की।

स्थापना के समय उन्होंने कहा कि "हमें कांग्रेस के राष्ट्रवादी विकल्प की जरूरत है।" प्रथम संसद में उन्होंने नेहरु जी के तानाशाही पूर्ण मनोवृति का विरोध करने के लिए संयुक्त गठबंधन बनाया था। वह नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी)कहलाता था, जिसमें 34 सांसद लोकसभा एवं 20 सांसद राज्यसभा के थे, तब नेहरू जी ने कहा था 'मैं जनसंघ को कुचल दूंगा।" इस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दृढ़ता से उत्तर दिया, "मैं इस कुचलने वाली मानसिकता को ही कुचल दूँगा।' यह उनकी लोकतंत्र में आस्था एवं साहस का परिचायक है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाबोधि सोसाइटी के 1942 से 1953 तक अध्यक्ष रहे। अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 1952 में सारिपुत्र एवं महामोगलन की अस्थियों के पवित्र भाग को सांची में स्थापित कराने वाले वह प्रमुख व्यक्ति थे। उन्होंने बौद्ध धर्म के लिए म्यांमार (बर्मा), वियतनाम और थाईलैंड की यात्रा की । धारा 370 की समाप्ति एवं एक देश के अंदर "दो निशान, दो प्रधान, दो विधान" नहीं चलेंगे का उद्घोष करने वाले राष्ट्रीय एकता के वे अखंड पुजारी थे। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए 23 जून 1953 को अपना बलिदान देकर वह हमारे मध्य से चले गए। आज राष्ट्र उनके संकल्प की पूर्ति कर उनके जन्म दिवस पर उनको अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है ।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सहकारिता दिवस
विवेक शुक्ला



# सहकारी समितियां बदल रहीं महिलाओं की जिंदगी

हाल ही में राजधानी के दिल्ली हाट में एक कश्मीरी महिला व्यवसायी खदीजा भट्ट बता रही थीं कि वे सारे भारत में कश्मीरी हस्तशिल्प और दूसरा सामान बेचकर बेहतर जिंदगी गुजार रही हैं। यह इसलिए संभव हो रहा क्योंकि वे एक सहकारी संगठन के तहत काम करती हैं। भारत में सहकारिता आंदोलन से लाखों महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। यह आंदोलन, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता, सामाजिक सशक्तिकरण और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है। सहकारी समितियों के माध्यम से महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, दुग्ध उत्पादन, हस्तशिल्प, और सूक्ष्म वित्त में सक्रिय रूप से भाग ले रही हैं। सहकारी समितियों ने महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। उदाहरण के लिए, अमूल जैसी दुग्ध सहकारी समितियों में लाखों महिलाएं दूध उत्पादन और वितरण से जुड़ी हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। फिलहाल देश में 8 लाख से अधिक पंजीकृत सहकारी समितियां हैं, जिनसे लगभग 30 करोड़ लोग जुड़े हैं। 20% कृषि ऋण, 35% उर्वरक वितरण और 31% चीनी उत्पादन अब सहकारी संगठनों द्वारा संभाला जाता है। इसके अलावा, डेयरी सहकारी समितियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 4.5% का योगदान देती हैं। अनुमान है कि 2030 तक सहकारी क्षेत्र 11 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्यक्ष और स्व-रोजगार दोनों शामिल हैं। दरअसल केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से विकास का यह मॉडल न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में सफल हो रहा है। कुछ साल पहले तक ग्रामीण भारत में सबसे बड़ी समस्या यह थी कि छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए लोगों को साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था और उसका बड़ा हिस्सा बिचौलियों को देना पड़ता था। लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिल रही है। आज, दिल्ली से दूर राज्यों में रहने वाली आदिवासी महिलाएं भी सहकारी समितियों के माध्यम से अपने घरेलू खर्च आसानी से चला सकती हैं। वे पोल्ट्री, डेयरी और कृषि के जरिए सालाना 1.5 से 2 लाख रुपये कमा रही हैं। सहकारी समितियों से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उन्हें आसान शर्तों पर कर्ज मिल रहा है, जिससे वे अपने व्यवसाय को बढ़ा रही हैं और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य बना रही हैं। पिछले एक दशक में सहकारी आंदोलन ने लंबी छलांग लगाई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी बाकी हैं, जैसे भ्रष्टाचार, प्रबंधन की कमियां और कुछ क्षेत्रों में जागरुकता की कमी। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इन समस्याओं से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए हैं, जैसे सहकारी समितियों में ऑडिट और जवाबदेही अनिवार्य करना।

दरअसल देश के सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने की शुरुआत नरेंद्र मोदी ने तब कर दी थी जब उन्होंने ग्रामीण विकास में सहकारिता के महत्व को समझते हुए इसके लिए एक अलग मंत्रालय बनाया। फिर अपने सबसे भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसका मंत्री नियुक्त किया। जानकार जानते हैं कि 2014 से पहले सहकारी संगठनों से लोग निराश थे। सहकारी समितियां भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी थीं। उनके कामकाज में पारदर्शिता की कमी थी, लेकिन इस मंत्रालय ने अब एक सुसंगत, आधुनिक और डेटा-आधारित सहकारी संगठन का मॉडल स्थापित किया है। जम्मू-कश्मीर में सहकारी आंदोलन का विस्तार, खासकर 2014 के बाद, विशेष रूप से उल्लेखनीय है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद, इस क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए सहकारिता को एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखा गया है। जम्मू-कश्मीर में सेब, केसर और अखरोट जैसे स्थानीय उत्पादों के लिए सहकारी समितियां बनाई गई हैं। इन समितियों ने किसानों को बेहतर बाजार, भंडारण सुविधाएं और उचित कीमतें दिलाने में मदद की है। अमित शाह ने सहकारी सम्मेलनों में जोर दिया है कि कश्मीर जैसे क्षेत्रों में सहकारिता छोटे किसानों और कारीगरों को सशक्त बनाने का एक प्रभावी तरीका है। इससे न केवल आर्थिक विकास हुआ है, बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत हुई है। सहकारिता ने सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डाला है। महिलाएं सहकारी समितियों के माध्यम से नेतृत्व की भूमिकाएं निभा रही हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ी है। ये समितियां सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देती हैं, जिससे महिलाएं सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी आवाज उठा रही हैं। यह जानना जरूरी है कि यदि ग्रामीण भारत का विकास करना है, तो सहकारी आंदोलन को और मजबूत करना होगा। हां, इस क्षेत्र में जो अब तक कमियां रही हैं उन्हें भी जड़ से खत्म करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है



संकलित
दर्शन

व्यक्ति को कर्मशील रहना चाहिए, मगर सहज संतुलन भी आवश्यक है। आज की युवा पीढ़ी अधिक व्यस्त है। उसकी इतनी व्यस्तता चिंता का कारण है। व्यस्तता का बड़ा कारण तकनीक का अधिक प्रयोग भी है। युवा चिंतन में लगे रहते हैं। कम समय में अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं। समुद्र मंथन का कार्य तो भलाई के लिए हो रहा था और रत्न निकल भी रहे थे, परंतु न तो देवताओं को संतोष था और ना ही असुरों को। अधिक से अधिक रत्न निकालने की चाह में मंथन होता गया और एक समय ऐसा आया, जब विष निकलने लगा, जिसे पीने को कोई तैयार नहीं था। सब त्राहि-त्राहि करते हुए भगवान शिव के पास पहुंचे। भगवान शिव ने विष को पिया और श्रीराम का नाम लिया। युवा नई तकनीक का प्रयोग करें, खोज करें, लेकिन आवश्यकता से अधिक चिंतन न करें। लगातार नई तकनीक में डूबे रहने की आदत का प्रभाव नकारात्मक होता है। आवश्यकता से अधिक मंथन से विष ही निकलता है। आज के समय में विष क्या है? काम, क्रोध, लोभ और मोह तो फिर भी कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं। प्रत्येक व्यक्ति में इसका कुछ भाव होना स्वाभाविक है, लेकिन ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का जीवन में कोई काम नहीं है। ये ही समुद्र मंथन से निकले हलाहल (विष) के समान हैं। अब धर्म क्षेत्र में भी ईर्ष्या, द्वेष व निंदा का असर है जो उचित नहीं है। अगर हमें शिव की भक्ति करनी है तो इस विष का पान भी करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी।

## झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादी नहीं, ठगी का धंधा

भारत में शादियों को लेकर एक सांस्कृतिक उत्सव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव की भावना जुड़ी होती है। लेकिन जब इस पवित्र रिश्ते को ठगों का व्यवसाय बना दिया जाए, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विश्वास की हत्या होती है। हरियाणा के हिसार से सामने आया ताजा मामला इसी सामाजिक बीमारी की खतरनाक तस्वीर पेश करता है, जहां दुल्हन, उसके माता-पिता और पूरा रिश्ता ही नकली निकला। यह घटना सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है : 'अब भी नहीं चेते तो हर घर को अपनी आबरू खुद बचानी होगी।'

– **मनसुख लाल चंदेल**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### प्रतिमा का अनावरण



श्रीमंत बाजीराव पेशवा ने हिन्दवी स्वराज के वैभव को और भी व्यापक बनाकर जन-जन तक सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश पहुँचाया। आज खडकवासला में उनकी प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

- **अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### आत्मीय संवाद



श्रीनगर में लखपति दीदियों से आत्मीय संवाद हुआ। मैं अपनी बहनों के बीच मंत्री नहीं, भाई के रूप में जाता हूं। आज भी बहनों ने अपने भाई को अपने बीच पाकर खूब गपशप की। वादा है कि आपके जीवन में कोई परेशानी नहीं रहने देंगे।

- **शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री**

### एक-दूसरे का सम्मान करें



स्वामी विवेकानंद जिस हिंदू धर्म में विश्वास करते थे, मैं भी उसी में विश्वास करती हूं और वह धर्म कहता है कि मानवता सबसे महान है। स्वामी जी के आदर्शों से प्रेरित होकर मैं चाहती हूं कि बंगाल और देश के लोग एक-दूसरे का सम्मान और प्रेम करें।

- **ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### विकास का भाजपा मॉडल



बीटीआर के तामुलपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पर एक नज़र डालें, यह क्षेत्र कभी उग्रवाद से ग्रस्त था, लेकिन अब अवसरों से गुलजार है। यह 2 साल पुराना जिला है, ऐसे क्षेत्र में जहां कुछ समय पहले तक विकास एक दूर की कौड़ी था। यह विकास का भाजपा मॉडल है।

- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर

# कच्चातिवु द्वीप सौंपने का इरादा नहीं: श्रीलंका

श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि उनके देश का कच्चातिवु द्वीप छोड़ने का कोई इरादा नहीं है। हेराथ ने बातचीत में कहा, ''इस मुद्दे को सुलझाने के लिए हमारे राजनयिक माध्यम हैं लेकिन यह तय है कि श्रीलंका कभी भी कच्चातिवु को छोड़ने के लिए सहमत नहीं होगा।'' श्रीलंका के विदेश मंत्री ने यह बात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों को लगातार गिरफ्तार किए जाने की घटनाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में कही। भारत और श्रीलंका के मछुआरे एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश कर जाते है और वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 जून को कहा था कि श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार करने का मुद्दा 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान हुए एक समझौते से उपजा है, जिसके तहत कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में मछली पकड़ने के अधिकारों को छोड़ दिया गया था। हेराथ ने इस मुद्दे को यह कहते हुए टाल दिया कि कच्चातिवु मुद्दे पर ''बयानबाजी'' केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के बीच ''राजनीतिक वाद-विवाद'' है। हेराथ ने भारतीय मछुआरों पर कच्चातिवु के निकट मछली पकड़ने के लिए श्रीलंका की समुद्री सीमा में घुसने का आरोप लगाया।




## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है। मस्तिष्क के कामकाज और व्यक्ति के मिजाज के नियमन में न्यूरोट्रांस्मीटर की अहम भूमिका होती है।



# मध्यप्रदेश से लाकर नाबालिगों से कराया जा रहा काम, छापे में दो रेस्क्यू, एयरटेल कंपनी के ठेकेदार पर एफआईआर

## बगैर अनुमति रात में सड़कों की खुदाई कर बिछाया जा रहा केबल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

राजधानी रायपुर में एक ओर जहां नगर निगम से बगैर अनुमति लिए मोबाइल केबल कंपनियों द्वारा अवैध रूप से सड़कों की खुदाई कर केबल बिछाने का काम चल रहा हैं, वहीं दूसरी ओर केबल कंपनियों के ठेकेदार अब खुदाई और केबल बिछाने के लिए दूसरे राज्यों से नाबालिग लड़कों को पैसों का लालच देकर यहां बुला रहे हैं और रातभर उनसे अवैध रूप से केबल बिछाने का कार्य करा रहे हैं। नाबालिगों से रात में कराए जा रहे काम की सूचना मिलने पर महिला एवं बाल विकास, बाल संरक्षण इकाई एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कुछ दिन पहले देर रात में पंडरी क्षेत्र में छापा मारा था। इस दौरान दो नाबालिग लड़कों को रेस्क्यू भी किया गया था, जो एयरटेल कंपनी का केबल बिछाने का कार्य कर रहे थे। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग ने अब थाने में संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर कराई है।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी संजय कुमार निराला ने बताया कि 30 जून को सूचना मिली थी कि पंडरी क्षेत्र में देर रात को केबल बिछाने का कार्य नाबालिग लड़कों से कराया जा रहा है। इस सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिला बाल संरक्षण और पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर रात में छापा मारने की योजना बनाई। रात करीब 2 बजे टीम पंडरी पहुंची, जहां माता गैरेज के पास केबल बिछाए जाने का काम चल रहा था। इस कार्य में लगे लोगों में दो नाबालिग निकले। पूछताछ पर लड़कों ने अपनी उम्र 17 वर्ष बताई, जिसके बाद टीम ने दोनों लड़कों को रेस्क्यू कर बाल संरक्षण केंद्र भेजा है, वहीं इन नाबालिगों से मौके पर कार्य कराने वाले सत्यम सिंघम एवं शुभम बंसल सहित ठेकेदार बंटी यादव के विरुद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर कराई गई है। सत्यम और शुभम दोनों मूलतः ग्वालियर मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं। जिन नाबालिग लड़कों को रेस्क्यू किया गया है, उन दोनों को ठेकेदार बंटी पैसों का लालच देकर रायपुर लाया था। विभाग के अनुसार इन दोनों को 14-14 हजार रुपए वेतन देने का वादा किया गया था, लेकिन उन्हें मात्र 5 हजार रुपए एडवांस राशि दी गई थी। इसके अलावा अन्य कोई राशि नहीं दी गई है। दोनों लड़के एडवांस राशि से ही अपना गुजर-बसर कर रहे थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अच्छा वेतन देने का प्रलोभन देकर दूसरे राज्यों से नाबालिगों को बुलाया जाता है, लेकिन काम कराने के बाद उन्हें कम वेतन देकर उनका शोषण भी किया जाता है। सिविल लाईन पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार और उनके सहयोगियों के विरुद्ध धारा बीएनएस 146, 143-5 के अलावा किशोर न्याय एक्ट 2015 के तहत धारा 79, बालक श्रम एक्ट 1986 के तहत धारा 3 एवं 14 के तहत अपराध दर्ज किया है। नाबालिग बच्चों के रेस्क्यू की घटना में इस क्षेत्र में बगैर निगम अनुमति के केबल बिछाए जाने का मामला भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि केबल कंपनी के ठेकेदार रात के समय में चोरी छिपे केबल बिछाने का कार्य चल रहा है। इसकी जानकारी वार्ड पार्षद से लेकर जोन अधिकारियों को भी है, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**पैसों का लालच देकर ग्राम मड़खेड़ा मध्यप्रदेश से लाए गए थे नाबालिग, बगैर अनुमति के बिछाया जा रहा केबल**

अवैध रूप से केबल बिछाए जाने के कारण निगम की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त किए जाने के पूर्व में कई मामले सामने आ चुके हैं।

# धान छोड़कर दलहन, तिलहन मक्का लगाने वाले किसानों को अब मिलेगी प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अगर धान उत्पादक किसान अपनी धान की फसल की जगह दलहन-तिलहन या मक्का की फसल लगाएंगे, तो उन्हें प्रति एकड़ 11 हजार रुपए आदान सहायता के रूप में सरकार अदा करेगी। इसके साथ ही धान के अलावा अन्य फसल दलहन-तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी (मिलेट) कपास वगैरह की खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ दस हजार रुपए दिए जाएगा। किसानों यह सहायता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट के फैसले के क्रियान्वयन के रूप में मिलने वाली है।

### पिछली कैबिनेट में हुआ था ये निर्णय

मुख्यमंत्री श्री साय की अध्यक्षता में 30 जून को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया । कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और विस्तृत करने की फैसला हुआ था। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

- धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहन का दांव

### इस तरह समझें कैसी है योजना

इस योजना को इस तरह समझा जा सकता है। जैसे कि किसी किसान ने पिछले साल अपनी खेतों में धान की फसल लगाई। उपज बेचने के लिए उसने अपना पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल में करवाया। उसी आधार पर उसने अपनी धान की फसल भी बेची है। अब यही किसान धान की जगह दलहन,तिलहन या मक्का की फसल लगाता है तो उसे इस फसल पर प्रति एकड़ 11 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### इन किसानों को भी मिलेगा लाभ

राज्य के किसान जो पहले से दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी( मिलेट) कपास वगैरह यानि धान के बदले अन्य फसल ले रहे हैं, सरकार उन्हें प्रति एकड़ 10 हजार रुपए आदान सहायता के रूप में अदा करेगी। दरअसल सरकार का यह कदम राज्य में धान के अलावा अन्य फसलों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उठाया जा रहा है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं किशोर पात्रे KISHOR PATRE पिता- श्रीराम निवासी-पंचधार, तह.-सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) यह घोषणा करता हूँ कि पूर्व में मेरा नाम किशोर कुमार KISHOR KUMAR पिता श्रीराम था। जिसे मैंने त्यागकर अपना नया नाम किशोर पात्रे KISHOR PATRE कर लिया है। अतः आज दिनांक 03/07/2025 से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम किशोर पात्रे KISHOR PATRE से ही जाना पहचाना एवं पढ़ा जाये।

घोषणाकर्ता
किशोर पात्रे KISHOR PATRE
पिता- श्रीराम
वर्तमान पता-पंचधार, म.नं. 61
तातीपारा, वार्ड नं. नंबर 5,
तह.-सरिया
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ज्योत्सना पात्रे JYOTSNA PATRE पति किशोर पात्रे निवासी ग्राम पंचधार, तह-सरिया, जिला-सारंगढ़, बिलाईगढ (छ.ग)। यह घोषणा करती हूँ कि पूर्व में मेरा नाम ज्योत्शना प्रधान JYOTSHNA PRADHAN था। जिसे मैंने त्याग कर अपना नया नाम ज्योत्सना पात्रे JYOTSNA PATRE कर लिया है। अतः आज दिनांक 03/07/2025 से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम ज्योत्सना पात्रे JYOTSNA PATRE से ही जाना, पहचाना एवं पढ़ा जाये।

**घोषणाकर्ता**
**ज्योत्सना पात्रे**
**JYOTSNA PATRE**
**पति - किशोर पात्रे**
**वर्तमानन पता-पंचधार, म. नं.-61**
**तलीपारा, वार्ड नंबर-5, तह.-**
**सरिया जिला-सारंगढ़**
**बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

## मुख्यमंत्री साय ने वॉटर वुमन शिप्रा का किया सम्मान

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वॉटर वुमन के नाम से विख्यात शिप्रा पाठक ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण और विशेष रूप से सिंदूर पौधारोपण को जन-जन तक पहुंचाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने शिप्रा पाठक को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि शिप्रा पाठक ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए किए गए कार्यों के लिए व्यापक स्तर पर पहचान प्राप्त की है। उनके नेतृत्व में पौधरोपण अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया है, बल्कि आम लोगों को पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित भी किया है।इस अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के प्रोफेसर हरिशंकर सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिप्रा पाठक के पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए कार्य समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।



# यूपीएस में शामिल कर्मचारियों को मिलेगा एनपीएस के समान कर लाभ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस योजना का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के समान कर लाभ देने के लिए जरूरी बदलाव किए हैं।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यूपीएस को कर ढांचे के तहत शामिल करना पारदर्शी, लचीले और कर-कुशल विकल्पों के माध्यम से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में सरकार का एक और कदम है। मंत्रालय ने कहा, ₹सरकार ने तय किया है कि एनपीएस के तहत उपलब्ध कर लाभ यूपीएस पर भी लागू होंगे क्योंकि यह एनपीएस के तहत एक विकल्प है।

ये प्रावधान मौजूदा एनपीएस संरचना के साथ समानता सुनिश्चित करते हैं और यूपीएस का विकल्प चुनने वाले कर्मचारियों को पर्याप्त कर राहत और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। वित्त मंत्रालय ने 24 जनवरी, 2025 को अधिसूचित किया था कि एक अप्रैल, 2025 से केंद्र सरकार की सिविल सेवा में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के लिए एनपीएस के तहत एक विकल्प के तौर पर यूपीएस को लागू किया था। इस अधिसूचना के बाद एनपीएस के तहत आने वाले सरकारी कर्मचारियों को यूपीएस के तहत शामिल होने का एकबारगी विकल्प मिल गया। इस ढांचे को क्रियान्वित करने के लिए पेंशन कोष विनियामक और विकास प्राधिकरण ने 19 मार्च 2025 को पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत एकीकृत पेंशन योजना का संचालन) विनियम, 2025 को अधिसूचित किया।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे बढ़कर 85.39 पर

**मुंबई।** विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के चलते शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 85.39 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की नई उम्मीद के चलते रुपया समेत एशिया की अन्य मुद्राओं में तेजी आई।

**नई दिल्ली।** खुदरा बाजार श्रृंखला डी-मार्ट का स्वामित्व और संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड की एकल आधार पर परिचालन आय चालू वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 16.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 15,932.12 करोड़ रुपये रही है।


**छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर**

वि.क्र.-20

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल वृत्त बिलासपुर अन्तर्गत संभाग बिलासपुर में निक्षेप कार्य अंतर्गत (1) जिला मुंगेली, विकासखण्ड पथरिया के ग्राम किरना, पड़ियाईन, सिलतरा एवं खुटेरा में गोदाम सह शॉप, रुम, टॉयलेट भवन के शेष निर्माण कार्य हेतु प्रथम ऑनलाईन (2) जिला मुंगेली, विकासखण्ड पथरिया के ग्राम हिंछापुर, साकेत, घुमा एवं रामबोड़ में गोदाम सह शॉप, रुम, टॉयलेट भवन के शेष निर्माण कार्य हेतु प्रथम ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग बिलासपुर के मो.नं. 8103002219 पर संपर्क करें।

संवाद-44442 उपायुक्त

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073555, Fax: 4073553

**NOTICE FOR WITHDRAWAL OF VACANCY CIRCULAR & CANCELLATION OF RECRUITMENT PROCESS**

The Commission had published an advertisement on 15.03.2024 for appointment of Chairperson in various Consumer Grievances Redressal Forum (CGRF) located at different places in Chhattisgarh State.

The notified vacancies for the above posts against Advt. dated 15.03.2024 is hereby cancelled due to administrative reason.

SECRETARY

**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-185/25-26/2559 Raipur, Dtd 27/06/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-185/25-26**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no./RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | CP-227/25-26 8100044688(with RLA) | Procurement of Conveyor Belts for HTPS Korba West, ABVTPS Marwa & DSPM TPS Korba East. | Upto 30.07.2025 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:–https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR(S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

**कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जांजगीर चांपा (छ.ग.)**
जिला अस्पताल के आगे, जर्वे(च.) रोड़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)
website- www.janjgir-champa.gov.in,
Email ID- cgayushjanjgir@gmail.com

क्र./भर्ती/2025/1129 जांजगीर दिनांक 27.06.2025

**ज्ञापन**

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र क्रमांक एफ 13-1/2023/आ.प्र/ 1-3 दिनांक 03.05.2023 एवं संचालनालय आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) रायपुर के पत्र क्रमांक 23-2/1/स्था./अराज./ 2023/1675,1677 नवा रायपुर दिनांक 12.05.2023 एवं इस कार्यालय के विज्ञापन क्रमांक / स्था/2023/606 जांजगीर, दिनांक 23.05.2023 के अनुसार कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के रिक्त चतुर्थ श्रेणी महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (दाई), औषधालय सेवक, भृत्य, चौकीदार, मसाजर, (महिला/पुरुष), वार्ड ब्वाय, रसोईयां, किचन सर्वेन्ट एवं स्वीपर के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है।

आप सभी अभ्यर्थियो को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ श्रेणी संवर्ग औषधालय सेवक, भृत्य, चौकीदार मसाजर (महिला/पुरुष), वार्ड ब्वॉय, रसोईयां, किचन सर्वेन्ट एवं स्वीपर के पदों पर सीधी भर्ती हेतु चयन समिति की अनुशंसा पर प्राविण्यता सूची जारी कर दिया गया है। जिले के बेबसाइड website- www.janjgir-champa.nic.in एवं कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

जिला आयुष अधिकारी
जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

जी. 252602005/1

**कार्यालय अधिष्ठाता, छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, छत्तीसगढ़ शासन, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495001**
FAX (0)-07752-224200, PHONE (O)-07752-230030,
Website: www.cimsbilaspur.ac.in email-deancims@gmail.com

क्र. 10517/स्था/प्रशा/सिम्स/2025 बिलासपुर, दिनांक 03/07/25

**Walk-In-Interview**

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर के रिक्त शैक्षणिक पदों की पूर्ति संविदा माध्यम से किये जाने हेतु अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स, बिलासपुर में जुलाई माह में दिनांक 10.07.2025 को Walk-In-Interview आयोजित किया जाएगा।

रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:-

| Asst. Professor | Senior Resident |
|---|---|
| Anatomy-3 (UR-1, ST-1, OBC-1)<br>Physiology-3 (UR-1, ST-1, OBC-1)<br>Biochemisty-1 (ST-1)<br>Pharmacology-1 (ST-1)<br>Pathology-2 (ST-1, OBC-1)<br>Blood Bank 1 (UR-1)<br>Microbiology-2 (UR-1, ST-1)<br>Community Medicine-5 (UR-1, ST-2, OBC-1, SC-1)<br>General Medicine 3 (ST-2, SC-1)<br>T.B. & Chest 1 (UR-1)<br>Surgery-5 (UR-4 (1F), OBC-1)<br>Orthopedic-3 (ST-2, OBC-1)<br>Obst & Gynae-6 (UR-2. ST-3, OBC-1)<br>Radiodiagnosis-2 (UR-1, ST-1)<br>Neurosurgery-1 (UR-1)<br>Physical Medicine & Rehabilitation -1 (UR-1) | Medicine-6 (UR-2, ST-2, OBC-1, SC-1)<br>Psychiatry 1 (ST-1)<br>Pediatric 3 (UR-1, ST-1, OBC-1)<br>Surgery-7 (UR-3 (IF), ST-3, OBC-1)<br>Obst & Gynae-2 (ST-2)<br>Ancasthesia-8 (UR-3, ST-3, OBC-1, SC-1)<br>Radiodiagnosis-4 (UR-1, ST-2, OBC-1)<br>Physical Medicine & Rehabilitation-1 (ST-1) |
| Salary Rs 1,00,000/- | Salary Rs 75,000/- |

| General Duty Medical Officer |
|---|
| Total Vacant Post-6 (UR-2 ST-2, SC-1, OBC-1) |
| Salary Rs. 62,120/- |

विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाईट www.cimsbilaspur.ac.in पर उपलब्ध है। पदों के संवर्ग एवं अर्हता के संबंध में जानकारी अधिष्ठाता कार्यालय, सिम्स, बिलासपुर के दूरभाष से प्राप्त की जा सकती है।

अधिष्ठाता
छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान,
बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 252601980/3

**"अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों / छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना"**

**वर्ष 2025-26 हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित**

राज्य शासन एतद्वारा राज्य के होनहार किन्तु अर्थाभावग्रस्त युवा कलाकारों को उच्च प्रशिक्षण / शिक्षा के लिए राज्य के ऐसे छात्र/छात्राएं जो संगीत, नृत्य, प्रदर्शनकारी कला विधा में शिक्षा / उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था में अध्ययनरत, गुरूशिष्य परंपरा तहत पारंपरिक लोक कलाएं सीखने वाले बच्चों तथा संस्कृति संचालनालय द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के संबंधित कलाकारों / छात्रों को महत्वपूर्ण विधा अनुरूप मासिक छात्रवृत्ति प्रोत्साहन के रूप में प्रदान करने के उद्देश्य से **"अर्थाभावग्रस्त होनहार युवा कलाकारों / छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना 2021"** स्थापित किया गया है, जिसके लिए प्रविष्टियाँ/ आवश्यक दस्तावेज आमंत्रित किया जाना है। 1. छात्रवृत्ति प्रोत्साहन के लिए निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रविष्टियां पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **2. प्रदर्शनकारी कला / विधा एवं उप विधाएं -**

| क्र. | विधाएं | | उप विधाएं |
|---|---|---|---|
| 01 | लोक/पारंपरिक जनजातीय कलाएं | - | छत्तीसगढ़ की समस्त पारंपरिक जनजातीय और लोक नाट्य, नृत्य, गीत / संगीत, खेल, चंदैनी, भरथरी, गोपी-चंदा, पंडवानी, घोटुल पाटा, धनकुल जगार तथा छत्तीसगढ़ की अन्य पारंपरिक लोक जनजातीय गाथाएं, वाद्य, पाक कला, सौंदर्यकला, गायन, वादन आदि । |
| 02 | शास्त्रीय संगीत | - | हिन्दुस्तानी (गायन/वादन) एवं कर्नाटक ( गायन / वादन) आदि। |
| 03 | शास्त्रीय नृत्य तथा नृत्य संगीत | - | भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, मोहनीअट्टम, ओडिसी, मणीपुरी, कथकली, ओडिसी नृत्य और संगीत आदि। |
| 04 | रंगमंच | - | हिन्दी और छत्तीसगढ़ी नाट्य मंचन, नाचा, भतरा नाट तथा अन्य लोक जनजातीय नाट्य विधा सहित |
| 05 | दृश्य कला | - | ग्राफिक्स, मूर्तिकला, पेंटिंग, फोटोग्राफी, मृद्भाण्ड तथा मृणकला (Ceramics) छत्तीसगढ़ के विविध लोक जनजातीय परंपराओं के चित्राकन की विधा आदि। |
| 06 | सुगम शास्त्रीय संगीत | - | ठुमरी, दादरा, टप्पा आदि, कव्वाली, गज़ल आदि। |

3. **पात्रता/ सामान्य शर्तें:-** * छत्तीसगढ़ के वास्तविक निवासी हो; आवेदक की आयु 15 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो;
* आवेदक अथवा उनके परिवार की वार्षिक आय रूपये 72,000/- से अधिक न हो;
* चिन्हारी पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य है एवं विधा, निर्धारण वार्षिक प्रोत्साहन न्यूनतम राशि 5000/- से अधिकतम राशि 10000/- होगी तथा प्रोत्साहन राशि डिमांड ड्राफ्ट / ई-पेमेंट के माध्यम से देय होगा।
* प्रोत्साहन योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgculture.in पर भी देखी जा सकती है।
**आवश्यकता है**-स्टूडेन्ट मेस में नाश्ता एवं खाना बनाने के लिए कुक और हेल्पर की आवश्यकता है। घर जैसा खाना, नाश्ता बनाना है सम्पर्क करें- 9755655055, 70007 55683 (38144)

**आवश्यकता है**-दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- ओम एजेंसीज बाल्मीकि चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर (38135)

**आवश्यकता है**-फिरोजाबाद बैंगल्स स्टोर चूड़ी एवं मनिहारी दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 94255 38825 (समय सुबह 9.30 से रात 9बजे तक) (38122)

**आवश्यकता है**-घरेलू समस्त कार्य करने के लिए लड़की/ महिला की आवश्यकता है रहने की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी राजकिशोर नगर, बिलासपुर 99939 02995, 9301186703 (37851)

**आवश्यकता है**-दवाई दुकान में होलसेल, रिटेल में काम करने हेतु लड़के और ड्राइवर, जो ऑटो गेयर वैगनआर गाड़ी चला सके की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7869797088, 8770939973 (38150)

**आवश्यकता है**-मैनेजर-1 (30वर्ष से ऊपर), वेटर-1 की आवश्यकता है वेतन 11000 प्रतिमाह बाहरी को रहना, खाना निःशुल्क, ओरिजनल आईडी सहित सम्पर्क करें- अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 9827940898, 94063 90898 (38148)

**आवश्यकता है**-बुकिंग में कार एवं इनोवा चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी ड्राइवर (वेतन 12000+ 100 भत्ता+ 100 नाईट) एवं यार्ड में सफाई हेतु कुली, चपरासी लड़के चाहिए। (समय सुबह 9 से शाम 7बजे) पता-सक्षम ट्रैवल्स बिलासपुर 6264125145, 98271 92189 (38146)

**आवश्यकता है**-एक कलेक्शन एजेंसी को बिलासपुर में निम्नलिखित पदों की आवश्यकता है फील्ड एग्जीक्यूटिव पद-10 सम्पर्क करें- 7987575675, 76111 07535 पता- ई-जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स रतन प्लाजा इनफ्रंट ऑफ महादेव हॉस्पिटल व्यापार विहार रोड बिलासपुर (SP/918)

**आवश्यकता है**-चाय पत्ती की फैक्ट्री में 12वीं पास लड़कों जो सेल्समेन काम कर सके एवं ड्राइवर की भी आवश्यकता है सम्पर्क करें-नियर SBI ATM आकृति विहार अमली डीह रायपुर 7469980000, 0771 4075490 (6809)

**आवश्यकता है**-अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिला अनुसार लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पद संख्या 725 वन रक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, वन सिपाही, सैलरी 27500+62500 पढ़ाई- 8वी से स्नातक रहना+ खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्स एप करे- धीरेंद्र कुमार 7392890179 (1004)

**आवश्यकता है**-ऑफिस में 10 से 5:30 काम करने के लिए 18 से 35वर्ष तक की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार इच्छुक ही सम्पर्क करें- राजेंद्र नगर बाल उद्यान के पास बिलासपुर 74703 28986 (151)

**आवश्यकता है**-ऑफिस में टैली कॉलिंग कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 28वर्ष तक सैलरी 5000+ कमीशन सम्पर्क करें- अमेरी चौक के पास बिलासपुर 8640094546 (152)

**आवश्यकता है**-उमा मार्ट में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर बीसी सॉफ्टवेयर का जानकार वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- उसलापुर रोड 36 मॉल के पास मंगला बिलासपुर 93015 17722 (158)

**आवश्यकता है**-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु टेलीकालिंग के लिए महिलाओं, युवतियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 8वीं,12वीं, ग्रेजुएशन सैलरी योग्यता अनुसार 5000 से 20000 तक पता नेहरू नगर गीतांजलि विहार बिलासपुर से 07587027996 (0022)

**आवश्यकता है**-ऑफिस में टैलीकॉलिंग हेतु महिलाओं लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन योग्यता- 8वी से ग्रेजुएट सम्पर्क करें- CMO ऑफिस के पास सरकंडा बिलासपुर 8827828446, 8827552921 (133)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें-अरुण आइसक्रीम के पास, कुदुदंड, बिलासपुर 7024521941 (157)

**आवश्यकता है**-ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों, महिलाओं की आवश्यकता है उम्र 18 से 32वर्ष तक ऑफिस टाइम 10 से 5:30, सम्पर्क करें- बाल उद्यान के पास, राजेन्द्र नगर, बिलासपुर 9770245205 (160)

## बेचना है

**बेचना है**-(1) पेंड्रीडीह से कटघोरा बायपास रोड बोड़सरा में मेन रोड पर 100×86 प्लाट (2) पेंड्रीडीह से दर्रीघाट बायपास रोड कड़ार मेन रोड पर 23 डिसमिल जमीन 118 का फ्रंट (3) भारतीय नगर में 1400 वर्गफीट प्लॉट अयप्पा मंदिर के पास (4) मोपका में 50 डिसमिल, 36 डिसमिल जमीन बाउंड्रीवॉल से घिरा बेचना है सम्पर्क करें- 9479169997 (137)

**बेचना है**-मंगला लोखंडी में प्लॉट बेचना है साइज 50 फिट front 44 फिट depth पूर्व मुखी रेट 1500 प्रति वर्गफुट खरीददार सम्पर्क करें- 98271 13393 (38164)

**बेचना है**-73 का फ्रंट 3405 फुट 25फुट रोड नया पुल नेहरू चौक के पास डॉ. एसके तिवारी के बगल में, TNC एप्रूव्ड चितले कॉलोनी में पुराना मकान। सम्पर्क करें- 98274 73604, 9827938236 (38159)

**बेचना है**-इन्दु गार्डन सांईं आनन्दम गीता पैलेस के सामने विकसित कॉलोनी में 40×30, 20×30 (TNC कॉलोनी), देवनन्दन नगर फेस-1 मेन रोड से 20मी दूर 30×80 डबल रोड सम्पर्क करें- 08839043415, 09993180605 (38163)

**बेचना है**-तिफरा स्थित झूलेलाल मंगलम के बाजू में खुशी विहार कॉलोनी में सब्जी मण्डी के पहले डबल रोड पर पूर्व मुखी 2BHK नया मकान बेचना है सम्पर्क करें- 93036 26513, 9111218350 (38116)

**बेचना है**-बोरसी एक्सटेंशन स्थित 3BHK HIG-II बेचना है घर के सामने खुला एरिया/ पार्क है। केवल इच्छुक व्यक्ति कृपया 7011066616 पर फोन करें (10614)

**बेचना है**-अटल यूनिवर्सिटी, सैनिक आधारशिला स्कूल, सरस्वती महाविद्यालय के सामने 100×130, नेशनल हाईवे रोड के ऊपर निरतु कोनी बिलासपुर में 132×184 का शानदार प्लाट हॉटल, हॉस्टल, हॉस्पिटल एवं इन्वेस्टमेंट हेतु उपयुक्त सम्पर्क करें- 94064 41535 (149)

## किराया

**किराया**-अशोक वाटिका, अशोक नगर, सरकण्डा बिलासपुर में तीन फ्लोर की सर्व सुविधा युक्त कमर्शियल बिल्डिंग, कोचिंग, बैंक, लाइब्रेरी, आफिस, हॉस्पिटल हेतु किराए से देना है सम्पर्क करें- 9425542326, 98276 05306 (38152)

**किराया**-इन्दु चौक के पास मगरपारा रोड में सेकेंड फ्लोर पर सी-1,सी-2 साइज 20×20 की दुकान किराए से देना है ऑफिस डॉक्टर चैम्बर कोचिंग सेन्टर हेतु उपयुक्त सम्पर्क करें- 9300607476 (38162)

**किराया**-राज किशोर नगर पंचवटी कॉलोनी में सिंगल रूम, ग्राउण्ड फ्लोर में 2BHK, एवं सेकेण्ड फ्लोर में 2BHK किराये पर देना है फैमली को प्राथमिकता सम्पर्क करें- जे.पी. सर 9752583075 (38170)

**किराया**-नेहरू नगर कस्तूरबा नगर, हनुमान मंदिर की गली में द्वितीय तल पर एक रुम, एक हॉल, एक किचन, लैटबाथ 24घंटे पानी मकान किराए पर देना है सम्पर्क करें- 99930 25228, 9300398385 (38153)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ




## चिकित्सा

**चिकित्सा**- निःशुल्क होमियोपैथी परामर्श- 30 वर्षीय अनुभवी (एमडी डाक्टर के द्वारा) प्रत्येक शनिवार- रविवार शाम 6 से 8 असुविधा से बचने के लिए पूर्व में काल कर लें मो. 7898132122, 94073 35377 (महीने भर की सेवा हेतु पंजीयन अनिवार्य) सम्पर्क करें- पता-504, सेन्ट्रम बिल्डिंग भाठागांव चौक रायपुर (6807)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM




## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

## खबर संक्षेप



### बेन शेल्टन ने रिंकी हिजिकाता को हराया

**लंदन।** दो बार ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले बेन शेल्ट ने शुक्रवार को विंबलडन के दूसरे दौर में रिंकी हिजिकाता को 6-2, 7-5, 6-4 से हरा दिया। यह मैच अंधेरे के कारण तीसरे सेट में स्थगित कर दिया गया था। अमेरिका के 10वें वरीय शेल्टन 2023 अमेरिकी ओप और इस साल के ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंचे थे। अब शेल्टन का सामना 105वीं रैंकिंग के हंगरी के मार्टन फुकसोविच से होगा।

### भारत के सामने अब थाईलैंड की चुनौती



**चियांग माइ (थाईलैंड)।** भारत को अगले साल होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया में जगह बनाने के लिए शनिवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग वाली थाईलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत ने कभी भी थाईलैंड को नहीं हराया है और कभी भी क्वालीफायर के जरिए एएफसी महिला एशियाई कप में भी जगह नहीं बनाई है। भारतीय टीम ने अंतिम बार 2003 में महाद्वीप के प्रमुख टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था लेकिन तब कोई क्वालीफायर नहीं होता था। टीम ने मेजबान के रूप में एएफसी महिला एशियाई कप 2022 में भाग लिया था लेकिन टीम में कोविड-19 के मामले आने के कारण उसे हटना पड़ा था। दो महीने से ज्यादा समय से लगातार मेहनत और अब तक ग्रुप में तीन जीत के बाद भारतीय टीम 2027 में फीफा महिला विश्व कप के लिए पहली बार क्वालीफिकेशन के बड़े सपने को पूरा करने के लिए इस मौके का फ़ायदा उठाना चाहेगी।

### शुभंकर और वीर पहले दिन संयुक्त 116वें स्थान पर



**म्यूनिख (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत ने डीपी वर्ल्ड टूर पर बीएमडब्ल्यू अंतरराष्ट्रीय ओपन के शुरूआती दिन दो ओवर 74 के कार्ड खेले, जिससे दोनों 156 खिलाड़ियों में संयुक्त 116वें स्थान पर बने हुए हैं। दोनों गोल्फरों को कट हासिल करने के लिए दूसरे दौर में अच्छा कार्ड बनाना होगा। शुभंकर ने छठे और नौवें होल में दो बर्डी लगाईं जबकि तीसरे, सातवें, 13वें और 18वें होल में चार बोगी कर बैठे। शुभंकर पर लगातार पांचवां कट चूकने का खतरा मंडरा रहा है। अहलावत ने तीन बर्डी लगाई जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी कर बैठे।

### आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसकी रेणुका सिंह



**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में हिमाचल की स्टार गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर एक पायदान नीचे खिसक गई हैं। पहले वह टी-20 फॉर्मेट में विश्व की टॉप टेन गेंदबाजों में पांचवें स्थान पर थीं, लेकिन अब वह छठे पायदान पर पहुंच गई हैं। क्रिकेट में रैंकिंग में उतार-चढ़ाव आम बात है। इससे पहले भी रेणुका सिंह चौथे स्थान तक पहुंच चुकी हैं। महिला आईपीएल के बाद से रेणुका ने कोई भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। वह पीठ दर्द के चलते राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए), बंगलूरू में इलाज करवा रही हैं।

# गुकेश की शानदार जीत, दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी कार्लसन को हराया

एजेंसी ▶▶| जगरेब

विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन पर एक और शानदार जीत दर्ज करके सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छह दौर के बाद एकल बढत बना ली। गुकेश की यह टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं जीत है और अब उनके 12 में से दस अंक हो गए हैं।

रैपिड वर्ग में तीन दौर बाकी है और गुकेश को पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ पर दो अंक की बढ़त है। अमेरिका के वेसली सो सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जबकि कार्लसन, नीदरलैंड के अनीश गिरी और स्थानीय खिलाड़ी इवान सारिच उनसे एक अंक पीछे हैं। आर. प्रज्ञानानंदा और अमेरिका के फेबियानो कारूआना पांच अंक लेकर सातवें स्थान पर हैं। फ्रांस के अलीरजा फिरोजा नौवे और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव दसवें स्थान पर हैं।



## ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट

### गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने कहा- मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा

**जगरेब।** विश्व चैंपिशन डी. गुकेश के खिलाफ लगातार दूसरी हार के बाद दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने कहा कि उन्हें अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। भारत के 19 वर्ष के ग्रैंडमास्टर गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियन को सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग में हराया। इससे पहले नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उन्होंने क्लासिकल प्रारूप में मात दी थी। कार्लसन ने हार के बाद कहा,' ईमानदारी से कहूं तो मुझे अब शतरंज खेलने में मजा नहीं आ रहा है। जब मैं खेल रहा हूं तो कोई प्रवाह नहीं लग रहा। मेरा खेल लगातार खराब हो रहा है।'उन्होंने गुकेश के बारे में कहा, 'वह शानदार खेल रहा है। अभी टूर्नामेंट काफी लंबा है लेकिन लगातार पांच मैच जीतना कोई छोटी बात नहीं है।




## पहली पारी में सिराज रहे सफल गेंदबाज, 70 रन देकर लिए 6 विकेट

# भारत की दूसरी पारी में 1 विकेट पर 64 रन, बढ़त पहुंची 244 रन तक

आकाश दीप ने 88 रन देकर चटकाए 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

बर्मिंघम। भारत ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 64 रन बनाकर इंग्लैंड के खिलाफ अपनी बढ़त 244 रन की कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय लोकेश राहुल 28 और करुण नायर सात रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (28 रन) का विकेट जोश टंग की गेंद पर गंवाया।

इससे पहले जेमी स्मिथ (नाबाद 184) और हैरी ब्रुक (158) की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 303 रन की साझेदारी के बाद भी इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने नई गेंद मिलने के बाद इंग्लैंड के आखिरी पांच विकेट 22 रन के अंदर चटका दिए। इंग्लैंड के छह बल्लेबाजी खाता खोले बगैर आउट हुए। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट जबकि आकाश दीप ने 88 रन देकर चार विकेट लिए। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे।



### इंग्लैंड बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों पर डाला दबाव

इंग्लैंड 84 रन पर पांच विकेट गंवा चुका था, लेकिन स्मिथ और ब्रूक ने लगातार आक्रामक रूख अपना कर भारतीय गेंदबाजों पर दबाव डाला। प्रसिद्ध कृष्णा को छह क्षेत्ररक्षकों के साथ शॉर्ट गेंद योजना लागू करने के लिए लाया गया था, लेकिन वह विफल रहे। स्मिथ ने दिन के 12वें ओवर में उन पर 23 रन बटोरे। उन्होंने इस ओवर में चार चौके और डीप स्क्वायर लेग पर एक छक्का लगा। भारत ने विकेट के तलाश में कृष्णा के साथ अपनी रणनीति जारी रखी, जिनके अगले ओवर में 11 रन गए। उन्होंने हालांकि अब तक आठ ओवर में बिना किसी सफलता के 61 रन लुटा दिए है। स्मिथ की आक्रामक पारी के सामने अकसर तेजी से बल्लेबाजी करने वाले ब्रूक की बल्लेबाजी धीमी लग रही थी। स्मिथ ने स्पिनरों रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर को भी किसी तरह की लय हासिल नहीं करने दिया। सुंदर की पहली दो गेंदों पर स्मिथ ने लगातार चौके लगाए, इससे पहले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने जडेजा के ओवर में एक छक्का और एक चौका बटोरा। स्मिथ ने लंच से पहले आखिरी ओवर में जडेजा पर लगातार चौके लगाकर 80 गेंदों में अपना दूसरा टेस्ट शतक पूरा किया। यह इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज का तीसरा सबसे तेज शतक है।

### बल्लेबाजी में लय और लुत्फ दोनों पर फोकस : गिल

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने उसी तरह बल्लेबाजी की कोशिश की जैसे अपने शुरूआती दिनों में करते थे और बल्लेबाजी में लय तथा लुत्फ दोनों पर फोकस था। गिल ने 387 गेंद में 269 रन बनाए और इंग्लैंड में किसी टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। उन्होंने लीड्स में पहले टेस्ट में भी शतक लगाया था। यह पूछने पर कि श्रृंखला से पहले क्या उन्होंने अपनी तकनीक में बदलाव किया है, गिल ने कहा, ' मैंने आईपीएल के आखिर में और इस श्रृंखला से पहले इस पर काफी काम किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 | 107 | 13 | 0 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 | 26 | 0 | 0 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 | 50 | 5 | 0 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 | 387 | 30 | 3 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 | 63 | 1 | 1 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 | 06 | 0 | 0 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 | 208 | 10 | 1 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 | 117 | 3 | 1 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 | 22 | 1 | 0 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 | 26 | 1 | 0 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 | 23 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 22 योग : 151 ओवर में 587/10 रन

**गेंदबाजी :** वोक्स 25-6-81-2, कार्स 24-3-83-1, टंग 28-2-119-2, स्टोक्स 19-0-74-1, बशीर 45-2-167-3, रूट 5-0-20-1, ब्रूक 5-0-31-0

## अंडर 19 वनडे सीरीज

# चौथे वनडे में भारत के पास सीरीज जीतने का मौका



एजेंसी ▶▶| वॉर्सेस्टर

इंग्लैंड में अभी इंडिया अंडर 19 टीम और इंग्लैंड अंडर 19 टीम की वनडे सीरीज चल रही है। सीरीज के 5 मैचों की की श्रंखला में पहले 3 मैच हो चुके हैं। इसमें इंडिया ने 2-1 की बढ़त बनाई है। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का चौथा मैच 5 जुलाई को न्यू रोड, वॉर्सेस्टर में खेला जाएगा। इंडिया अंडर 19 टीम के पास अब चौथे मैच को जीतकर सीरीज में 3-1 की बढ़त बनाने का साथ ही सीरीज जीतने का मौका होगा। इस सीरीज के तीसरे मैच में भारत की कप्तानी टीम के नियमित कप्तान आयुष महात्रे की जगह उप-कप्तान अभिज्ञान कुंडू ने की थी और टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई थी।

### वैभव के साथ आयुष या अभिज्ञान में कौन करेगा ओपनिंग

तीसरे वनडे में आयुष महात्रे टीम में नहीं थे इसके बाद ओपनिंग की जिम्मेदारी वैभव सूर्यवंशी के साथ अभिज्ञान कुंडू ने संभाली थी। हालांकि अभिज्ञान इस मैच में नहीं चले थे और 12 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। ऐसे में अगर चौथे मैच में आयुष की वापसी होती है तो फिर वैभव के साथ आयुष की ओपनिंग की जिम्मेदारी संभालते हुए नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले दो मैचों में वैभव और आयुष ने भारतीय पारी की शुरुआत की थी।

### चौथे मैच के लिए इंडिया की संभावित प्लेइंग इलेवन

आयुष महात्रे, वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार,अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान/विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, आरएस अंबरीश, दीपेश देवेन्द्रन/युद्धजीत गुहा, हेनिल पटेल, नमन पुष्पक।

# भारतीय टीम नहीं जा पाएगी बांग्लादेश दौरा स्थगित होने की संभावना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम का बांग्लादेश का आगामी दौरा स्थगित होने की संभावना है क्योंकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) देश में सुरक्षा स्थिति को लेकर चिंतित है। पिछले साल राजनीतिक अस्थिरता के बाद बांग्लादेश के हालात तनावपूर्ण हैं, जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को हटा दिया गया था। भारत को 17 से 31 अगस्त तक चटगांव और ढाका में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलने थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई जाहिर तौर पर राजनीतिक अस्थिरता और प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेश में सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क है।' हालांकि यह श्रृंखला रद्द नहीं हुई है लेकिन यह बाद की तारीख में 2026 में आयोजित की जाएगी क्योंकि विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए वनडे चैंपियनशिप अंक इससे जुड़े हैं। समझा जाता है कि बीसीसीआई चाहता है कि बांग्लादेश में आम चुनाव होने के बाद ही दौरा आगे बढ़े तथा कानून-व्यवस्था का ख्याल रखने के लिए वहां एक स्थिर सरकार हो। बांग्लादेश में चुनाव अगले साल के शुरुआत से पहले होने की उम्मीद नहीं है। अभी बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार है।



# डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट 23 जुलाई से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया के सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 134वें चरण में कुल 24 टीमें खिताब हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जो 23 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच राज्यों में खेला जाएगा। इन 24 टीमों को छह ग्रुप में रखा जाएगा और दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में खेला जाएगा।

- 134वें चरण में कुल 24 टीमें में होगी खिताब जंग

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में भारतीय सेना की ओर से आयोजित टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस समारोह में भारतीय सुशस्त्र बलों के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान, भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, 'खेल अनुशासन, दृढ़ संकल्प और टीम भावना को बढ़ावा देते हैं। खेलों में लोगों, क्षेत्रों और देशों को जोड़ने की अनूठी ताकत होती है। भारत में ये राष्ट्रीय एकीकरण के लिए ताकतवर साधान रहे हैं। ओलंपिक या किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जब तिरंगा फहराया जाता है तो सभी साथी नागरिक रोमांचित हो जाते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे डूरंड कप ट्रॉफी के अनावरण की इस परंपरा में शामिल होने पर खुशी हो रही है।



## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

# जडेजा ने 2000 रन और 100 विकेट लेने का बनाया रिकॉर्ड



**बर्मिंघम ।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इतिहास रच दिया है। वह आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में 2000 या 2000 से अधिक रन के साथ-साथ 100 या 100 से अधिक विकेट चटकाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। जडेजा ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 41 मुकाबलों में हिस्सा लिया है। इस बीच उनके बल्ले से 2010 रन निकले हैं। इसके अलावा गेंदबाजी में उन्होंने 132 सफलता प्राप्त की है। बात करें रवींद्र जडेजा के टेस्ट करियर के बारे में तो उन्होंने देश के लिए 82 टेस्ट मुकाबलों में हिस्सा लिया है। इस बीच उनके बल्ले से 121 पारियों में 35.3 की औसत से 3495 रन निकले हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम चार शतक और 23 अर्धशतक दर्ज है। गेंदबाजी में उन्होंने टेस्ट के इतने ही मुकाबलों की 153 पारियों में 24.61 की औसत से 324 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनके नाम तीन बार 10 और 15 बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा जुड़ा है।

**स्टोक्स के पास है बराबरी करने का मौका-** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा कप्तान बेन स्टोक्स के पास भी यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने का सुनहरा मौका है। अपनी टीम की तरफ से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 55 मुकाबलों में हिस्सा लिया है। इस बीच उनके बल्ले से 3365 रन निकले हैं। मगर गेंदबाजी के दौरान वह 86 विकेट ही चटका पाए हैं। भविष्य में वह 14 विकेट और प्राप्त करने में कामयाब होते हैं तो वह भी जडेजा के खास क्लब में शामिल हो जाएंगे।

## अपने देश में, अपने नाम पर टूर्नामेंट में खेलेंगे चोपड़ा

# नीरज चोपड़ा क्लासिक के सबसे प्रबल दावेदार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

अपने नाम पर होने वाले पहले एनसी क्लासिक भालाफेंक टूर्नामेंट में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा खिताब के प्रबल दावेदार तो होंगे ही, साथ ही उनकी नजरें इस साल में दूसरी बार 90 मीटर की बाधा पार करने पर लगी होंगी। 27 वर्ष के नीरज इस खेल में लगभग सभी खिताब जीत चुके हैं, जिनमें ओलंपिक, विश्व चैंपिशनशिप स्वर्ण पदक, डायमंड लीग फाइनल ट्रॉफी, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक शामिल हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का पहला सत्र भारतीय प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टूर्नामेंट देखने का मौका देने के मकसद से आयोजित किया गया है, जिससे खेल की लोकप्रियता भी बढेग़ी। चोपड़ा ने स्वीडन के पोल वॉल्टर अर्मांडो डुप्लांटिस और कीनिया के लंबी दूरी के धावक किपचोगे कीनो से प्रेरणा ली है, जिनके नाम पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट मोंडो क्लासिक और किप कीनो क्लासिक होते हैं।




### एनसी क्लासिक हर साल होगा

कांतीरावा स्टेडियम पर होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय प्रशंसकों को चोपड़ा को खेलते देखने का मौका मिलेगा। वह भी फिर से 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंकना चाहेंगे, जो उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में फेंका था। चोपड़ा एक साल बाद भारत में खेल रहे हैं । तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा, 'भारत में इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन लंबे समय से मेरा सपना रहा है, जो अब सच होने जा रहा है।' उन्होंने कहा,' मैं बहुत रोमांचित हूं। मैंने देश के लिए ओलंपिक और अन्य पदक जीते हैं लेकिन अब इस टूर्नामेंट के जरिए भारतीय एथलेटिक्स, एथलीटों और प्रशंसकों को कुछ लौटाने जा रहा हूं।' चोपड़ा ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ और विश्व एथलेटिक्स के साथ मिलकर इसका आयोजन किया है।

### यह भारतीय एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरूआत : नीरज

**बेंगलुरु।** अपने नाम से होने वाले भालाफेंक टूर्नामेंट में भाग लेने जा रहे दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का मानना है कि यह भारतीय एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरूआत है और ऐसे कुछ और विश्व स्तरीय टूर्नामेंट यहां होने चाहिए । नीरज चोपड़ा क्लासिक 5 जुलाई शनिवार को श्री कांतीरावा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा ने टूर्नामेंट से पहले कहा, ' मुझे लग रहा है कि यह सपने जैसा है। पदक अलग बात है। लेकिन मैंने भारत और भारतीय एथलेटिक्स को ऐसा कुछ दिया है, जिसकी मुझे खुशी है। यह हमारे एथलेटिक्स में नए अध्याय की शुरूआत है।' उन्होंने कहा,' जिस तरह से हर ओर से इसे सहयोग मिल रहा है। सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ, विश्व एथलेटिक्स और प्रायोजकों की ओर से। मुझे लगता है कि हम इस टूर्नामेंट को और बेहतर बना सकते हैं।' चोपड़ा ने कहा कि वह भारत में एथलेटिक्स स्पर्धाओं को अमेरिका या यूरोपीय देशों में नियमित तौर पर होने वाले टूर्नामेंटों के समकक्ष बनाना चाहते हैं।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION BILASPUR (C.G.)**

**E-PROCUREMENT Tender Notice**
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**Third Call**

NIT No. 04/bmc/Health/25-26 — Bilaspur Dated 04/07/2025

Online bids are invited from eligible bidders for the following works up to 14/07/2025 at 17:00 hours.

| System Tender No. | Name of the work | Probable Amount of Contract (In Lacs) | Last Date of Submission |
|---|---|---|---|
| 171432 | Carrying out Mosquito Control and Fogging Treatment in 68 Wards of Bilaspur Municipal Corporation Area. | 95.00 | 14.07.2025 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 04/07/2025 from 17:31 Hours (IST) onwards. Pre-bid Meeting will held on 10/07/2025 at 14:00 Hours at the office of Municipal Corporation Bilaspur.

Clean City-Green City

Health Officer
Nagar Palik Nigam Bilaspur (C.G.)

**नई दिल्ली।** भारत घूमने के लिहाज से बेहद खूबसूरत देश है। यही वजह है कि हर साल कई देशों से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि भारत के सिर्फ शहर या हिल स्टेशन ही नहीं, बल्कि यहां के गांव भी बेहद खूबसूरत हैं। खूबसूरती के मामले में ये कई हिल स्टेशनों को टक्कर देते हैं। ये गांव अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां बड़ी संख्या में लोग घूमने आते हैं।

# ये हैं भारत के सबसे खूबसूरत और साफ-सुथरे गांव, नजारे आपको यहां रहने पर कर देंगे मजबूर

## मावलिननॉन्ग

मेघालय में मावलिननॉन्ग भारत में घूमने के लिए एक बेहद खास गांव है। दरअसल, यह एशिया का सबसे साफ-सुथरा गांव है। आपको बता दें कि इस गांव को 2003 में डिस्कवर इंडिया द्वारा एशिया के सबसे साफ-सुथरे गांव का खिताब दिया गया था। इस गांव में शिक्षा का प्रतिशत 100 प्रतिशत यानी 100 फीसदी लोग शिक्षित माने जाते हैं। यहां नॉन-रिसाइकिलेबल प्लास्टिक और धूम्रपान पर प्रतिबंध है। धूम्रपान करने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाता है। इस गांव को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं।



## नोक वैली

नोक वैली भी भारत के सबसे साफ-सुथरे गांवों की सूची में आती है। यह हिमाचल प्रदेश की स्पीति घाटी में स्थित है। इस गांव में आपको एक प्राचीन मठ परिसर भी मिलेगा। दरअसल, यह बौद्ध लामाओं द्वारा संचालित चार मंदिरों का समूह है, जो यहां के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से हैं। यह अपनी सफाई और खूबसूरत चित्रकारी के कारण बहुत प्रसिद्ध है। यहां पर आने के बाद मन को जो सुकून मिलता है, वो कहीं और नहीं मिलेगा।



## इडुक्की

केरल अपने प्राकृतिक नजारों के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। समुद्र तट से लेकर हरियाली के मामले में यहां का कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन, शहरों और हिल्स से अलग केरल में एक ऐसा गांव इडुक्की भी है, जो बेहद खूबसूरत और आकर्षक है। इसकी प्राकृतिक खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। इस गांव की सड़कें घुमावदार हैं। यहां आपको खूबसूरत झरने और हरे-भरे जंगल देखने को मिलेंगे।



## खोनोमा

नागालैंड का खोनोमा गांव भी भारत के सबसे साफ और खूबसूरत गांवों की लिस्ट में आता है। यह गांव राज्य की राजधानी कोहिमा के पास स्थित है। इस गांव की आबादी करीब 3000 है, यह करीब 700 साल पुराना गांव है, यहां के हरे-भरे जंगल और चावल के खेत आपको बेहद पसंद आएंगे। पहली बार में इस गांव को देखने पर ऐसा अहसास होता है कि हम किसी सीनरी को देख रहे हैं।



## रोचक खबरें

# बादलों के बीच अचानक कहां से आया लाल रंग का टॉवर, नासा ने कैद की दुर्लभ तस्वीर



**वॉशिंगटन।** अक्सर वैज्ञानिक कुछ न कुछ ऐसा करते रहते हैं जिसकी वजह से लोग आश्चर्य में पड़ जाते हैं। अब नासा की अंतरिक्ष यात्री निकोल एयर्स ने अंतरिक्ष स्टेशन से मैक्सिको और अमेरिका के ऊपर एक ऐसी तस्वीर खींची है, जिससे हर कोई हैरान हो गया है। इसे 'स्प्राइट' कहा जाता है। स्प्राइट्स तूफानी बादलों में तेज बिजली की गतिविधि से बनने वाली चमकदार घटनाएं है। एयर्स ने एक्स पर फोटो शेयर करके इसके बारे में जानकारी दी है।

**पहले भी आ चुके हैं मामले :** एक रिपोर्ट के मुताबिक 1989 तक कोई भी यह नहीं मानता था कि स्प्राइट असली हैं। पायलटों ने कई बार लाल तरह की बिजली की सूचना दी थी तब वैज्ञानिकों उन पर विश्वास करना शुरू किया। इसके अलावा 2022 में हिमालय के ऊपर लाल स्प्राइट और हरे तरह के भूत को भी देखा गया, लेकिन तब तक कोई यह नहीं जानता था कि आखिर ये क्या है। बता दें कि लाल रोशनी की तस्वीरें दक्षिणी तिब्बती पठार में एक झील स्थल के पास से ली गई थीं। वहीं, एडवांस इन एटमॉस्फेरिक साइंसेज की रिपोर्ट के मुताबिक तिब्बत में पुमोयोंगकुओ झील के पास दो खगोल फोटोग्राफरों ने हिमालय के ऊपर नृत्य करने वाले लाल स्प्राइट देखे। जिसके बाद वो डर गए थे, हालांकि उन्होंने डरते हुए ये तस्वीरें लीं। स्प्राइट लाल या हरे रंग की चमक जेलीफिश जैसे दिखते हैं और तूफानों की तेज बिजली से बनते हैं।

### एक्स पर किया पोस्ट

एक्स पर पोस्ट करते हुए एयर्स ने लिखा कि सुबह जब हम मैक्सिको और यू.एस. से गुज़रे, तो मैंने इस स्प्राइट को देखा। स्प्राइट टीएलई या चमकदार घटनाएं हैं, जो बादलों के ऊपर होती हैं और नीचे गरज के साथ होने वाली तीव्र विद्युत गतिविधि द्वारा ट्रिगर होती हैं। बादलों के ऊपर हमारा नजारा बहुत बढ़िया है, इसलिए वैज्ञानिक इस तरह की तस्वीरों का इस्तेमाल टीएलई के गठन, विशेषताओं और गरज के साथ होने वाले संबंधों को बेहतर ढंग से समझने के लिए कर सकते हैं।

## रिपोर्ट

### वैज्ञानिकों ने खोजे 3 नए प्रोटीन


# कैंसर और तेजी से बढ़ती उम्र के खिलाफ बड़ी कामयाबी!

एजेंसी ▸▸| सिडनी

कैंसर आज दुनिया की सबसे जानलेवा बीमारियों में से एक बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अकेले 2020 में ही कैंसर ने लगभग 10 मिलियन लोगों की जान ले ली थी। लेकिन, ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने इस पर एक शोध किया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों की टीम ने एक ऐसे प्रोटीन के समूह के पहचान की है जो कैंसर और उम्र से संबंधित बीमारियों के इलाज करने के तरीकों को बदल सकता है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, सिडनी में स्थित चिल्ड्रेंस मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधतर्ताओं ने ये खोज की है।

### क्या है यह खोज?

शोध करने वाली वैज्ञानिकों की टीम को पता चला है कि कुछ प्रोटीन टेलोमेरेज नाम के एक बहुत ही खास एंजाइम को कंट्रोल करते हैं। यह एंजाइम सेल्स के बंटवारे के समय डीएनए को खराब होने से बचाता है। टीम ने बताया कि इस खोज से यह साफ होता है कि टेलोमेरेज कैसे हमारे स्वस्थ रहने और उम्र को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह कैंसर सेल्स को भी बढ़ने से रोकता है।





### टेलोमेरेज और प्रोटीन की नई-नई खोज

आपको बता दें कि टेलोमेरेज एक एंजाइम है जो हमारे क्रोमोसोम को ठीक रखने में मदद करता है। इन सिरों के टेलोमेयर कहते हैं जो हमारे डीएनए को नुकसान से बचाते हैं। हालांकि, टेलोमेरेज स्टेम सेल्स और हमारे इम्यून सेल्स के लिए जरूरी है। लेकिन, कैंसर सेल्स अक्सर इन्हीं टेलोमेरेज का गलत फायदा भी उठाती हैं। इसका इस्तेमाल कैंसर सेल्स अनियंत्रित तरीके से बढ़ने कते लिए करती हैं, जिससे कैंसर और फैलता है। सीएमआरआई के वैज्ञानिकों ने प्रोटीन की नया ग्रुप खोजा है, जो इस एंजाइम को कंट्रोल कर सकते हैं।

### कैंसर के इलाज में नई उम्मीद


नेचर कम्यूनिकेशन पत्रिका में छपी एक नई खोज कैंसर के इलाज में नई उम्मीद जगाती है। शोधकर्ताओं ने बताया कि नोनो, एसएफपीक्यू और पीएसपीसी1 नाम के 3 खास प्रोटीन टेलोमेरेज को क्रोमोसोम के बिल्कुल आखिर तक पहुंचाने का काम करते हैं। जांच में वैज्ञानिकों ने पाया कि अगर कैंसर सेल्स में इन प्रोटीन्स को काम करने से रोक दिया जाए तो टेलोमेरेज धीमा पड़ जाता है और कैंसर सेल्स की बढ़ोतरी को रोकता है।

### बुढ़ापे की बीमारियों का इलाज

इस अध्ययन के मुख्य लेखक अलेक्जेंडर सोबिनॉफ ने कहा, हमारी जांच से जो नतीजे निकले वो बताते हैं कि यह प्रोटीन एक तरह से आणविक यातायात नियंत्रक की तरह काम करते हैं। सोबिनॉफ ने आगे बताया की इन प्रोटीनों के बिना टेलोमेरेज ठीक से काम नहीं कर सकता और टेलोमेयर को ठीक से नहीं बना पाता। सीएमआरआई में टेलोमेर लंबाई विनियमन इकाई की प्रमुख और इस रिसर्च की सीनियर लेखक हिल्डा पिकेट का कहना है कि, टेलोमेरेज काम कैसे करता है। इसे समझने से कैंसर और बुढ़ापे से जुड़ी बीमारियों से जुड़ी समस्याओं के लिए नए इलाज खोजने के रास्ते खुले हैं।

# वैज्ञानिकों ने 5000 साल पुराने शख्स का डीएनए किया डिकोड

**काहिरा।** पहली बार वैज्ञानिकों ने प्राचीन मिस्र में रहने वाले एक व्यक्ति के 5,000 साल पुराने डीएनए को खोज निकाला है, जो आज से करीब 4,500 से 4,800 साल पहले रहता था। यह वह समय था जब पहले पिरामिड अस्तित्व में आ रहे थे। इस व्यक्ति के अवशेष काहिरा के दक्षिण में एक गांव में मिट्टी के बर्तन में मिले थे।



**खोज में क्या नतीजा निकला :** डीएनए से ये पता चलता है कि उसके 80 फीसदी पूर्वज अफ्रीका से आए थे और 20 प्रतिशत पश्चिमी एशिया और मेसोपोटामिया से आए थे। इससे ये साफ होता है कि पुराने मिस्र और फर्टाइल क्रिसेंट इलाके (आज का इराक, ईरान और जॉर्डन) के बीच सांस्तृतिक जुड़ाव था। इससे पहले ऐसे जुड़ावों का अंदाजा पुरानी खोजों से ही संभव हो पाती थी।

**कौन था वो शख्स :** डीएनए से पता चला है कि काली त्वचा, भूरी आंखें और भूरे बालों वाला ये शख्स करीब 5 फीट लंबा था और उसकी उम्र 44 से 64 साल के बीच थी। यह उस समय के हिसाब से काफी ज्यादा है। उनकी हड्डियों को देखकर लगता है कि वह बहुत ही मेहनती थे। उस शख्स में गठिया, ऑस्टियोपोरोसिस और लंबे समय तक झुक कर काम करने के लक्षण थे।

### सम्मान से दफनाया गया

विशेषज्ञों का ऐसा मानना है कि शायद वह कुम्हार था जो मिस्र के पुराने समय के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले पहिए का इस्तेमाल करता रहा होगा। वैज्ञानिकों के लिए चौंकाने वाली बात थी इस व्यक्ति को बहुत ही सम्मान के साथ दफनाया जाना। इस व्यक्ति को ममी नहीं बनाया गया, क्योंकि उस समय ऐसा करना आसान नहीं होता था। इसी कारण से डीएनए को सुरक्षित करने में मदद मिली।

# शादी के लिए चाहिए दारू पीने वाला लड़का, महिला ने की अजीब डिमांड!

**नई दिल्ली।** आजकल लोगों में सोशल मीडिया पर फेमस होने की इतनी जल्दबाजी है कि वो अजीबोगरीब कंटेंट बनाकर फेमस होना चाहते हैं। कोई नाच-गा रहा है, जो ठीक है, बल्कि अपनी कला का प्रदर्शन करना है। मगर कुछ लोगों ने तो हद ही पार कर दी है। अब इस महिला को देख लीजिए। इसने एक ऐसा वीडियो बनाया, जो देखकर ही फेक लग रहा है, मगर उसकी बात अजीब है। ये महिला शादी के लिए लड़का खोज रही है और उसकी अजीब डिमांड है। उसे दारूबाज लड़का चाहिए और वो दहेज देने को भी तैयार है। वीडियो में एक लड़की बोल रही है कि उसे एक दारू पीने वाला लड़का चाहिए। वो किसी पार्क जैसे इलाके में खड़ी है। उसके पास एक शख्स माइक लेकर खड़ा हुआ है। लड़की भी सज-धजकर इंटरव्यू दे रही है। उससे शख्स पूछता है कि उसे कैसा लड़का चाहिए, तो वो बोलती है कि उसे एक दारू पीने वाला लड़का चाहिए। फिर वो पूछता है कि दहेज भी मिलेगा। वो हां कहती है और फिर बताती है कि दहेज में कुल 5 लाख रुपए मिलेंगे। इसके अलावा बुलेट और दीवान पलंग भी मिलेगा। लड़की दीवान पलंग को दीवाना पलंग बोलती है जिसे सोने के लिए देगी। लड़की के इस वीडियो को देखकर लग रहा है ये फेक है, सिर्फ वायरल होने के लिए ही इसे पोस्ट किया गया है। इस वीडियो को 1 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं, जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा- दारू पीने वाले हाजिरी लगाएं। एक ने कहा- आखिर में ये ड्रम में डाल देगी। इस पोस्ट पर कई लोगों ने अपने दोस्तों को भी टैग कर दिया है।




# एलिसा कार्सन बनेंगी मंगल पर कदम रखने वाली पहली इंसान

**वॉशिंगटन।** नासा 2030 तक मंगल पर इंसानों को भेजने की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए उन्होंने एलिसा कार्सन, जो एक अमेरिकी हैं और खगोल विज्ञान की स्टूडेंट हैं। एलिसा कार्सन मंगल मिशन का हिस्सा बनकर मंगलs पर जाने के लिए तैयारी कर रही हैं।

**कौन हैं एलिसा कार्सन :** 10 मार्च 2001 को एलिसा कार्सन का जन्म हैमंड (अमेरिका) में हुआ था। पीएचडी की छात्रा कार्सन बचपन से ही अंतरिक्ष में बहुत दिलचस्पी रखती हैं। एलिसा ने काफी कम उम्र से ही नासा के कैंपों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। साथ ही यह नासा के सभी विजिटर सेंटर्स का दौरा कर चुकी हैं।

**कहां से की पढ़ाई :** एलिसा ने अपनी शुरुआती स्कूली शिक्षा बैटन रूज इंटरनेशनल स्कूल से पूरी की है। स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के बाद इन्होंने 2023 में फ्लोरिडा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से एस्ट्रोबायोलॉजी में स्नातक की डिग्री हासिल की।



### कम उम्र में बड़ा कीर्तिमान

महज 7 साल की उम्र में, जो बच्चों के खेलने-कूदने के दिन होते हैं, एलिसा ने अलबामा में अपने पहले नासा स्पेस कैंप में हिस्सा लिया था। वह इतने पर नहीं रुकीं और इसके बाद उन्होंने 6 और स्पेस कैंप्स में भाग लिया, जिसमें कनाडा और तुर्की से शिविर भी शामिल हैं। आपको बता दें कि नासा के हर अंतरिक्ष शिविर में भाग लेने वाली एलिसा कार्सन दुनिया की पहली छात्रा हैं।

### 18 की उम्र में बनी पायलट

जब एलिसा 16 साल की थीं तब उन्होंने ओपॉसम स्पेस अकादमी (प्रोजेक्ट पोलर सबऑर्बिटल साइंस इन अपर मेसोस्फीयर) में भाग लिया जो स्पेस साइंस की दुनिया का एक विकसित प्रशिक्षण प्रोग्राम है। सबसे हैरत करने वाली बात है कि सिर्फ 18 साल की उम्र में ही कार्सन ने पायलय का लाइसेंस हासिल कर लिया था। साथ ही उन्होंने जल में बचाव, उच्च गुरुत्वाकर्षण प्रशिक्षण, माइक्रोग्रैविटी उड़ानें, स्कूबा डाइविंग, और डीकंप्रेशन जैसे प्रशिक्षण भी पूरे किए हैं।

# बिना गर्भाशय के पैदा हुई थी महिला सहेली ने दिया साथ, अब बनेगी मां


**लंदन।** एक सच्चा दोस्त वही होता है जो दोस्त के काम आए। एक ब्रिटिश महिला बिना गर्भाशय के पैदा हुई थी और मां नहीं बन सकती थी। तब उसकी सहेली ने उसकी मदद की और अब वो उसके बच्चे की मां बनने जा रही है। हाल ही में महिला ने अपनी कहानी बताई तो लोगों को लगा कि दोस्ती ऐसी ही होनी चाहिए।

जॉर्जिया बैरिंगटन, 28 वर्षीय एक मिडवाइफ हैं। वो इंग्लैंड के केंट में रहती हैं और उन्हें महज 15 साल की उम्र में यह पता चला था कि वह एमआरकेएच सिंड्रोम से पीड़ित हैं। ये एक ऐसी दुर्लभ स्थिति है जिसमें किसी महिला का गर्भाशय जन्म से ही विकसित नहीं होता।



### दोस्त देगी बच्चे को जन्म

डेज़ी कहती हैं, 'जब मैंने अपनी बेटी को गोद में लिया और देखा कि मेरी सबसे करीबी दोस्त ने उसे दुनिया में लाने में मेरी मदद की, तो मुझे एहसास हुआ कि मैं उसके लिए भी वही कर सकती हूं। वह अनुभव इतना खास था कि मैं पीछे नहीं हट सकी।' डॉक्टरों ने जॉर्जिया के अंडाणुओं को निकाला और उनके साथी लॉयड विलियम्स के शुक्राणुओं से निषेचन कर, उसे डेज़ी के गर्भ में प्रत्यारोपित किया। पहली कोशिश असफल रही। 9वें सप्ताह में गर्भपात हो गया, लेकिन दूसरी बार, जनवरी 2025 में उम्मीद ने फिर जन्म लिया और फरवरी में यह पुष्टि हो गई कि डेज़ी गर्भवती हैं।



Ajay 9827144371



Ajay 9827144371




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com